


दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित


# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 67 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 31 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


# अच्छे कार्यों से समाज में हुई संघ की स्वीकार्यता: भागवत



जयपुर टाइम्स

नागपुर(एजेंसी)।। महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं।

## पीएम की मौजूदगी में बोले संघ प्रमुखः

संघ प्रमुख भागवत ने जब यह बात कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है।

## मोदी ने संघ की जमकर सराहना

भागवत से पहले पीएम मोदी ने भी भारत में संघ की भूमिका को रेखांकित किया। नागपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। आज भारत का युवा विश्वास से भरा हुआ है। राष्ट्र निर्माण की भावना से ओत-प्रोत हमारे युवा आगे बढ़े चले जा रहे हैं। यही युवा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ध्वजा थामे हुए हैं।

## गुलामी की मानसिकता को तोड़ कर आगे बढ़ रहा है भारत

गौरतलब है कि राजनीतिक जीवन की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री अपनी युवावस्था में खुद भी संघ के स्वयंसेवक रह चुके हैं। आज उन्होंने इस कार्यक्रम में संघ की अहमियत का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब प्रयासों के दौरान मैं नहीं हम का ध्यान होता है, जब राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि होती है, जब नीतियों में, निर्णयों में देश के लोगों का हित ही सबसे बड़ा होता है, तो सर्वत्र उसका प्रभाव भी नजर आता है।

## सीएम भजनलाल ने चैत्र नवरात्रि की दी शुभकामनाए

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)। नवरात्रि के पहले दिन भक्तों ने देवी के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के लोगों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। सीएम भजनलाल शर्मा ने रविवार सुबह सोशल मीडिया ङ्ग पर प्रदेशवासियों को नव संवत्सर और चैत्र नवरात्र स्थापना (30 मार्च) की शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि यह नव वर्ष नई उमंग, नए संकल्प और नवीन आशाओं के साथ सभी के जीवन को सुख, समृद्धि व आरोग्यता से अभिसिंचित करे।

### मुख्यमंत्री निवास में की घटस्थापना

इसके साथ ही जयपुर में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन उन्होंने मुख्यमंत्री निवास में विधि विधान से मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर. घट स्थापना की। इसके बाद जयपुर का राज राजेश्वरी में परिवार के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी व समृद्ध जीवन की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव : निवेश उत्सव का आयोजन

## मुख्यमंत्री भजनलाल करेंगे 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 31 मार्च (सोमवार) को राजस्थान दिवस पर जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस आयोजन में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत लगभग 3 लाख करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग की सौगात देंगे।

### लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का होगा विमोचन

शर्मा उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक, डेटा सेन्टर एवं टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का भी विमोचन करेंगे। साथ ही, राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारंभ, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र वितरण, राइजिंग राजस्थान के न्यूज लेटर का विमोचन एवं राजस्थान फाउंडेशन के नए चैप्टर्स की शुरूआत के दिशा-निर्देश भी जारी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।

## न्यूज इनबॉक्स

### कुल्लू में गाड़ियों पर पेड़ गिरने से 6 लोगों की मौत

जयपुर टाइम्स

शिमला(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू से रविवार को एक बड़े हादसे की खबर सामने आई। कुल्लू के मणिकर्ण में तेज हवा के कारण कायल का एक विशाल पेड़ अचानक गाड़ियों पर गिर पड़ा। इससे गाड़ी में बैठे 6 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी भी सामने भी सामने आई है। हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मणिकर्ण को हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी कहा जाता है। मणिकर्ण में नव संवत के दिन बड़ा हादसा पेश आया। यहां कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते गिरा, जिससे नीचे खड़ी गाड़ियों पर पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई।


#### मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। स्थानीय लोग और प्रशासन पेड़ को हटा कर रास्ते को क्लियर कराने की कोशिश में जुटे हैं। कुल्लू के एसडीएम अश्विनी कुमार ने हादसे में 6 लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कई लोग घायल भी हुए जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कुल्लू के मणिकर्ण में हुए हादसों में मरने वालों में तीन पुरुष और तीन महिलाएं है। बताया गया यह हादसा रविवार शाम करीब 5 बजे हुआ। तब गुरुद्वारे के सामने कई लोग गाड़ियां लगाकर बैठे थे। उसी दौराना अचानक भूस्खलन हुआ, जिससे पेड़ के साथ-साथ पहाड़ी का मलबा भी गिरा, जिसकी चपेट में आकर 6 लोगों की मौत हो गई।

### मिजोरम के संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए विदेशियों को लेनी होगी अनुमति

जयपुर टाइम्स

आइजोल(एजेंसी)। मिजोरम सरकार राज्य में संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) प्रणाली को लागू करने जा रही है। यह विदेशी नागरिकों के लिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में जाने के लिए आवश्यक यात्रा दस्तावेज है। राज्य सरकार ने यह कदम केंद्र की ओर से म्यांमार की सीमा से लगे पूर्वोत्तर की तीन राज्यों मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड में पीएपी को दोबारा लागू करने के निर्देश के बाद उठाया है। मिजोरम के गृह सचिव वनलालमाविया ने बताया कि राज्य सरकार पीएपी को लागू करने की दिशा में कदम उठा रही है, जिसे प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) के रूप में भी जाना जाता है। हम पीएपी को लागू करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर लेंगपुई एयरपोर्ट पर एक होल्डिंग एरिया की भी पहचान की जा रही है। राज्य के गृह सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र से मिजोरम की राजधानी आइजोल में एक नामित कार्यालय खोलने का अनुरोध किया है ताकि विदेशियों के पंजीकरण में आसानी हो, क्योंकि निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय कोलकाता में स्थित है।



## पर्यावरण-केंद्रित नजरिया अपनाने वाला भारत दुनिया का पहला देशः नरसिम्हा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने रविवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में भारत पहला देश है, जिसने मानव-केंद्रित (एंथ्रोपोसेन्ट्रिक) सोच से हटकर पर्यावरण-केंद्रित (इको-सेंट्रिक) दृष्टिकोण अपनाया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा विज्ञान भवन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की तरफ से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एनवायरनमेंट -2025 के समापन सत्र में बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि रहे। मानव-केंद्रित सोच में पर्यावरण को सिर्फ मनुष्यों की जरूरतों के हिसाब से देखा जाता है, जबकि पर्यावरण-केंद्रित सोच प्रकृति को खुद के लिए मूल्यवान मानती है, न कि सिर्फ इंसानों के उपयोग के लिए। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि भारत की संस्कृति हमेशा से ही पर्यावरण को जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानती रही है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार उनकी इस दलील को स्वीकार किया कि पर्यावरण को केवल मानव-हित के नजरिए से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी जड़ों की ओर लौटें और हमारे पारंपरिक सरल उपायों को अपनाएं, तो पश्चिमी दुनिया की ओर से पर्यावरण पर थोपे गए विचारों से बाहर निकलकर अपने मौलिक और व्यावहारिक विचारों से धरती को उसकी प्राकृतिक अवस्था में बहाल कर सकते हैं।

## मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में बढ़ाया अफस्पा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार की ओर से मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 की धारा 3 की ओर से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पांच जिलों के 13 पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर पूरे मणिपुर में 1 अप्रैल 2025 से अगले छह माह तक, यदि इस घोषणा को इससे पहले वापस न लिया जाए, अशांत क्षेत्र के रूप में घोषित किया जाता था।

## असम में बीएसएफ जवानों पर तस्करों ने किया हमला, जवाबी कार्रवाई में दो घायल

जयपुर टाइम्स

गुवाहाटी(एजेंसी)। असम के दक्षिण सालमारा- मनकाचर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को निशाना बनाकर कुछ असामाजिक तत्वों ने उन पर हमला किया था। हमले के जवाब में बीएसएफ जवानों ने छर्रे वाली फायरिंग की। जिसमें कम से कम दो लोग घायल हो गए।

बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शनिवार को दीवानेरालगा गांव में कुछ असामाजिक तत्वों ने बीएसएफ कर्मियों को निशाना बनाया। ये हमला क्षेत्र में बीएसएफ के एंटी-तस्करी अभियानों के खिलाफ प्रतिक्रिया के तौर पर किया गया था। तस्करों के एक गिरोह ने सुरक्षा बलों पर हमला किया ताकि कड़ी कार्रवाई को रोका जा सके।

बीएसएफ गुवाहाटी फंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि जवानों ने असाधारण सतर्कता के साथ, अत्यधिक संयम बरतते हुए आत्मरक्षा में कार्रवाई की और न्यूनतम नुकसान सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने नियंत्रित प्रतिक्रिया दी, फिर भी दो हमलावरों को आत्मरक्षा में गैर-घातक फायरिंग के दौरान छर्रे लगने से चोटें आई हैं।

खाटूश्याम मंदि में विकास कार्यों के लिए 8 हजार 787 लाख रुपए की स्वीकृत

## राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने की डिप्टी सीएम दिया कुमारी की मुहीम ला रही है रंग



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान पर्यटन को दुनिया के पर्यटन का सिरमौर बनाने की मुहीम लगातार सफल हो रही है। राजस्थान में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का संकल्प साकार हो रहा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान पर्यटन विभाग के प्रस्ताव स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत राजस्थान में श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्यों के लिए 8 हजार 787 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो कि राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसके लिए प्रथम किस्त 878.70 लाख रुपए अर्थात कुल परियोजना लागत का 10% आवंटित कर दिया गया है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का मानना है कि राजस्थान में खाटू श्याम जी जैसे मंदिर धार्मिक आस्था का केंद्र है यहां विकास कार्यों से निश्चित ही प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 31 दिसम्बर 2024 तक मंत्रालय को प्रस्तुत करने का निर्देश दिये गए थे। दिया कुमारी के निर्देशो पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सीकर में श्री खाटू श्याम जी मंदिर में विकास कार्यों की डीपीआर मंत्रालय को विचारार्थ प्रस्तुत की गई थी।

राजस्थान सरकार ने 12 मार्च 2025 को आयोजित मिशन निदेशालय की बैठक में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। मिशन निदेशालय ने टिप्पणियों और एनओसी/मंजूरी के अनुपालन के अधीन परियोजना की मंजूरी के लिए सीएसएमसी को प्रस्ताव की सिफारिश की। केंद्रीय मंजूरी और निगरानी समिति (सीएसएमसी) ने राज्य सरकार की ओर से प्रस्तुत परियोजना प्रस्ताव की समीक्षा की और 21 मार्च 2025 को आयोजित अपनी बैठक के दौरान इसे मंजूरी दे दी।

मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी, प्रधानमंत्री ने देशवासियों को किया संबोधित

## पीएम मोदी ने एकात्मता व अखण्डता के सूत्र में देश को पिरोया: भजनलाल



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र और भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आह्वान किया। मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की।

उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया। मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में बात करते हुए देशवासियों को अपने जीवन में योग को शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग मानवता को भारत की ओर से ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। मोदी ने कहा कि योग के साथ हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद भी दुनिया के विभिन्न देशों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
31 मार्च, 2025

## दुर्गा माता मंदिर में नवरात्र स्थापना के साथ शुरु की मां दुर्गा की पूजा

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। भूरासिद्ध स्थित दुर्गा माता मंदिर में रविवार को घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र पर मां दुर्गा की पूजा शुरू की। माता के



सेवक अशोक सिंघानिया ने बताया की रविवार को दुर्गा माता मंदिर में सुबह मंगला आरती एवं नई पोशाक पहनाकर पूजा अर्चना की गई। वही रविवार को ही प्रातः 8 बजे पंडित जितेन्द्र शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ घट पूजा की स्थापना की, जिसके मुख्य यजमान उद्योगपति नरेंद्र गोयल ने की। वहीं शाम 4 बजे तुलसी एवं सहयोगी द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया एवं शाम को हलवे चने का प्रसाद वितरित किया गया। शाम को भव्य आरती की गई, भक्त लोगो ने आरती एवं माता के दर्शन कर आनंद विभूति प्राप्त की। मंदिर की स्थापना हुए 4 साल हुए है दिन प्रतिदिन लोगो की भावनाएं मंदिर के प्रति बढ़ती जा रही है एवं दर्शन करने वालो की संख्या भी बढ़ती जा रही है।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। रविवार को श्री पदमप्रभु जैन औषधालय मेहताब सिंह का नोहरा अलवर में निःशुल्क मेगा आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श



शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ औषद्यालय के मंत्री संजय कुमार जैन ने मंगलाचरण के द्वारा किया श्री दिगंबर जैन महासमिति (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्षा सरला जैन एवं समिति की पदाधिकारी डॉ. ऊषा जैन, सविता जैन ,रेखा जैन ,नीता जैन, कमलेश जैन ,आशा जैन एवं समाज के अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने बताया कि शिविर के विशिष्ट अतिथि ट्रैफिक इंचार्ज मुकेश कुमार ,सरला जैन ,डॉ सुखबीर तंवर, अग्रवाल समाज के मंत्री कैलाश चंद जैन ,खंडेलवाल समाज के प्रतिनिधि चंदन जैन ,पल्लीवाल समाज के उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र जैन, बड़तला समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, अ.भा.पल्लीवल महासभा अलवर के अध्यक्ष विजेंद्र जैन, विकास जैन एवं अजय जैन थे शिविर में 158 मरीजों का उपचार किया गया एवं 80 मरीजों की डॉ लाल पैथ लैब्स के माध्यम से कोलेस्ट्रॉल कैल्शियम यूरिक एसिड, हीमोग्लोबिन, शुगर की निशुल्क जांच की गई 10 मरीजों को अग्निकर्म एवं 15 मरीजों पंचकर्म भी किया गया शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र यादव, डॉ मुकेश प्रजापत, डॉ अभिलाषा शर्मा एवं डॉ अनिल जैन ने सेवाएं दी शिविर में डॉ सुखबीर तंवर (कैंसर रोग विशेषज्ञ) ने कैंसर रोग के कारण उपचार एवं बचाव पर उपयोगी जानकारी दी तथा डॉ मुकेश प्रजापत ने कैंसर रोग पर आयुर्वेद की उपयोगिता पर व्याख्यान दिया कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष विमल कुमार जैन ने किया एवं शिविर का आयोजन डॉ. अनिल जैन के निर्देशन में किया गया।

## डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता बने जिलाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के जिला खैरथल-तिजारा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर शैलेन्द्र गुप्ता को मनोनीत किया गया है। यहां के राष्ट्रीय संगठन है जिसकी पूर्व में राजस्थान की प्रदेश इकाई है जो पूर्वी राजस्थान अग्रवाल संगठन के नाम से कार्यरथ है। पूर्वी राजस्थान में खैरथल-तिजारा नया जिला बना है। जिले की गति को प्रदान करने के लिए खैरथल-तिजारा जिले के अग्रवाल संगठन के संस्थापक अशोक सिंघानिया ने बताया की संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल की अभिशंसा से डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता को जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। तथा अध्यक्ष पर विश्वास जताया गया है कि जिला संगठन सामाजिक कार्य, समाज सेवा, सरोकार कर पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ किया जाएगा। इधर प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय डॉक्टर अमरनाथ गुप्ता के सुपुत्र है डॉक्टर शैलेंद्र गुप्ता जिसके बनने पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है।

## वन मंत्री शर्मा ने करणी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने रविवार को चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर करणी माता मंदिर में पहुंच कर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने तलवार भेंट स्वरूप प्रदान की। मंत्री शर्मा ने मेले में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले



श्रद्धांलुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ नहीं होवें। सभी व्यवस्थाएं सुगम व सुचारु रखें। नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना की दी शुभकामनाएं = उन्होंने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र स्थापना (30 मार्च) पर शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि के लिए कामना करते हुए कहा कि चैत्र नवरात्र मातृ शक्ति की आराधना का पर्व है। देवी दुर्गा के नौ रूप मातृ शक्ति की विविधता और महत्ता को दर्शाते हैं। यह पर्व हमें आत्मशुद्धि तथा संयमित जीवन जीने की राह दिखाता है।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने महिला पुलिसकर्मी से फिता कटवाकर करवाया महिला पुलिस थाने का उद्घाटन

**भारतीय नव वर्ष, गुड़ी पड़वा और नवरात्रि स्थापना के अवसर पर दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा (नि.सं.)। महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर सख्ती से लगाम लगाने और उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को खैरथल में पहले महिला थाने का उद्घाटन किया। यह थाना पेहल रोड पर स्थित सैनी धर्मशाला में स्थापित किया गया है। महिला शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय वन मंत्री ने महिला पुलिसकर्मी छोटी मीना के हाथों से फीता कटवाकर महिला थाने का उद्घाटन करवाया। इसके पश्चात उन्होंने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

केंद्रीय वन मंत्री यादव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिला थाना उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार को निर्देश दिए कि महिला थाने की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महिला थाना में शिकायतों का निपटारा केवल पुलिस कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए काउंसलिंग की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि परिवार टूटने से बच सकें।



केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को सरल और आत्मनिर्भर बनाना है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास की भावना को साकार करने हेतु सरकार दिव्यांगजन भाइयों और बहनों को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि जिले में 40त्न या अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन और 20,000 रुपये मासिक आय से कम आय वाले सभी दिव्यांगजन योजनाओं हेतु पात्र है। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर को निर्देशित किया कि उनके 12-13 तारीख से शुरू होने वाले पंचायती दौरों के दौरान अधिकारियों को दिव्यांगों के पंजीकरण के लिए नियुक्त करें ताकि गांव में उपस्थित दिव्यांग जनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ा जा सके। इसी कड़ी में कार्यक्रम के दौरान जिले के 116 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, चार्जर और हेलमेट एवं 68 स्मॉल और बड़े बैसाखी का वितरण किया गया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और राजनीतिक साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके अलावा, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खेरिया, जिला कलेक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, भाजपा जिलाध्यक्ष महा सिंह चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, सभापति नगर परिषद खैरथल हरीश रोघा, तिजारा प्रधान जेपी यादव, एलिम्को प्रतिनिधि, उपसभापति वरुण डाटा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, इंद्र यादव, बन्ना राम मीणा, डॉ अंजली यादव, अशोक डाटा टिल्लू शर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।



## उपखंड अधिकारी ने जलदाय विभाग की टीम के साथ अलसुबह फील्ड निरीक्षण पेयजल सप्लाई व्यवस्था का लिया जायजा

**शांतिकुंज एवं काला कुआँ क्षेत्र में में घरों में जाकर पेयजल सप्लाई व्यवस्था का लिया फीडबैक**

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर रविवार को अलसुबह उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ शांतिकुंज व काला कुआँ क्षेत्र में पेयजल सप्लाई व्यवस्था का फील्ड निरीक्षण किया। उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर ने निरीक्षण के दौरान घरों में जाकर पेयजल सप्लाई व्यवस्था के बारे में लोगो से भी फीडबैक लिया। उन्होंने आमजन द्वारा अवगत कराये गए बिन्दुओ को समयबद्ध सुचारु करने तथा सप्लाई में गन्दा पानी न आये इसके लिए प्रभावी फील्ड मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई रखने, पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जलदाय विभाग के अधिकारी व कार्मिक पेयजल सप्लाई के समय नियमित तौर पर फील्ड निरीक्षण एवं जनसुनवाई करें। निरीक्षण के दौरान जलदाय विभाग के एक्सईएन संजय सिंह, सहायक अभियंता पवन जांगिड़, सुनील यादव सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

**वन मंत्री ने नव वर्ष महोत्सव व होली मिलन समारोह में की शिरकत**

## सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा महत्वपूर्ण कडी - मंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नव वर्ष विक्रम संवत-2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सुअवसर पर आदर्श शिक्षा समिति अलवर द्वारा आदर्श विद्या मंदिर स्कूल मालवीय नगर एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा ब्राह्मण छात्रावास में आयोजित नव वर्ष महोत्सव व होली मिलन समारोह में शिरकत की।

वन मंत्री शर्मा ने आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आमजन को नव संवत्सर, चैत्र नवरात्र स्थापना एवं राजस्थान दिवस की शुभकामना दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि सभ्य समाज के निर्माण में शिक्षा की महती भूमिका है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आधारित लघु नाटिका की चर्चा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का जरूरत के आधार पर प्रयोग किया जाना चाहिए, अनावश्यक प्रयोग एक प्रकार के नशे के समान है, सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से बच्चों के साथ-साथ हम सबको भी बचना चाहिए। सोशल मीडिया ने बच्चों को सर्वांगीण विकास के आवश्यक पारंपरिक खेलों से दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सोशल मीडिया के सदुपयोग एवं दुरुपयोग के बारे में सचेत करना चाहिए।

उन्होंने विधायक निधि से आदर्श विद्या मंदिर मालवीय नगर में सभागार कक्ष के निर्माण एवं आदर्श विद्या मंदिर राजेंद्र नगर में पेयजल की व्यवस्था कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में उन्होंने




प्रतिभावान बच्चों द्वारा सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, झांकी, रंगोली, मेहंदी, रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता की सराहना की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में अव्वल विजेता रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर आदर्श शिक्षा समिति अलवर के पदाधिकारी डॉ. घासीराम यादव, डॉ. राजीव सक्सेना, श्याम लाल गुप्ता, प्रभु लाल, भानु प्रताप, विमल डोई सहित पं. जले सिंह, सागर यादव, शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### नव वर्ष महोत्सव व होली मिलन समारोह में की शिरकत

वन मंत्री संजय शर्मा ने राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित नव वर्ष महोत्सव व होली मिलन समारोह में शिरकत की। उन्होंने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अधिकारी एवं कार्मिक सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण व पुनित कार्य कर रहे है। सभी आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति के लिए अनवरत रूप से इसी प्रकार कार्य करते रहे। इस अवसर पर होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें सभी ने पुष्प वर्षा कर होली खेली। इस दौरान वन मंत्री शर्मा ने अपने प्रतिदिन के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी चंचल शर्मा, पुष्पराज शर्मा, धीरेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, मोहर सिंह चौधरी, पीयूष शर्मा, राजेंद्र शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।




# रन फॉर राजस्थान से हुई राजस्थान दिवस उत्सव की शुरूआत

**स्कूल छात्र-छात्राओं ने लिया रन फॉर राजस्थान दौड़ में भाग**

जयपुर टाइम्स

खैरथल -तिजारा(नि.सं.)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत रविवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में रन फॉर राजस्थान दौड़ के साथ राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों का आगाज हुआ। रन फॉर राजस्थान दौड़ को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि यह दौड़ केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि हमारे प्रदेश की एकता, उत्साह और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देना है, बल्कि राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को भी जीवंत रखना है।

हमारा प्रदेश साहस, शौर्य और स्वाभिमान की भूमि है। इस दौड़ के माध्यम से सभी को संदेश मिलेगा, कि स्वस्थ शरीर और मजबूत संकल्प से हम हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। दौड़ में जिले के विद्यालयों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के छात्र-छात्राओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ का रूट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान से शुरू होकर अंबेडकर सर्किल से होते हुए नगर परिषद वापस पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल मैदान में समाप्त की गई।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, आरएएस राकेश रावत, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) हरवीर भड़ाना, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आरोपः प्रदेश की पर्ची वाली सरकार आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है- नेता प्रतिपक्ष जूली

**जूली ने की मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई**

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में प्रदेशवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली प्रदेश की पर्ची वाली सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर आमजन को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली रविवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर रहे थे। जूली बोले प्रदेश के विद्यार्थी से लेकर बुजुर्ग,महिला और दिव्यांग सभी वर्ग सरकार की उपेक्षाओं के कारण अपने हितों के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को ना तो पेंशन समय पर मिल रही है ना ही छात्रवृत्ति समय पर मिल रही है ऐसे में आमजन को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की जनता को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षाएं प्रदान करते हुए उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का काम किया लेकिन पर्ची वाली सरकार में जैसे सरकार बैसाखी पर चल रही है वैसे ही जनता के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा में सरकार के मंत्री जनहित के मुद्दों पर जवाब देने



में नाकामयाब साबित हो रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया ही जनता के हितों पर कुठाराघात करने से गुरेज नहीं कर रहे, ऐसे में अब प्रदेशवासियों को वापस से गहलोत राज की याद आ रही है।

### नेता प्रतिपक्ष जूली ने राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

जूली ने राजस्थान दिवस की सभी प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीरों की भूमि, भक्ति की भूमि, ऐतिहासिक भूमि, अतिथि देवो को चरितार्थ करने वाली ऐसी मिट्टी और प्रेम और भाईचारा का प्रतीक हमारा राजस्थान है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
31 मार्च, 2025

## 108 कुंडीयु रुद्र महायज्ञ की समापन की तैयारियां जोरों पर

जयपुर टाइम्स

पावटा(नि.सं.)। कस्बे के निकटवर्ती पावटा के बाबा बालनाथ आश्रम पर चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महायज्ञ वर्ष पर्यंत कार्यक्रम को लेकर रविवार को प्रशासनिक लोगों सहित स्थानीय विधायक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान स्थानीय विधायक कुलदीप धनकड़,कोटपूतली एडीएम ओमप्रकाश सहारणा,पावटा एसडीएम कपिल उपाध्याय, कोटपूतली सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, विराटनगर वृतधिकारी शिप्रा राजावत, तहसीलदार सहित , पीडब्ल्यूडी,बिजली विभाग के आनेको संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।इस दौरान विधायक धनखड़ ने बताया कि आगामी 6 अप्रैल को ऐतिहासिक व भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना है जिसमें केंद्र सरकार में गृहमंत्री अमित शाह,राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह सहित आनेको नेता इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।वहीं व्यवस्थाओं को लेकर विधायक कुलदीप धनकड़ ने प्रशासनिक लोगों के साथ जायजा लिया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान जयपुर उतर जिला देहात प्रभारी सतवीर, जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल,भाजपा नेता कमल यादव,मदन लाल सैनी,डॉ सुरेंद्र यादव,युवा नेता महिपाल यादव,पृथ्वी सिंह यादव , मदन यादव ,कमलेश शास्त्री ,युवा नेता सुरेश यादव,नरपत सिंह शेखावत,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित अनेको खास लोग लेंगे हिस्सा**

### 6 को वर्षपर्यंत 108 कुंडीय रुद्र महायज्ञ का होगा समापन

पूरे वर्ष पर चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महायज्ञ का 6 अप्रैल को समापन होगा। जिसको लेकर स्थानीय वालिंटियरस सहित अनेकों कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं,बता दें पूरे वर्ष पर्यत चल रहे 72 यज्ञों की श्रृंखला में आयोजित यह विश्व का प्रथम कार्यक्रम है। जिसमें आसपास सहित दूर दराज व विदेश से भी लोग इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

### प्रशासनिक लोगों की व्यवस्थाएं जोरों पर

वही एडीएम ओमप्रकाश सहारन ने जानकारी देते हुए बताएं कि रविवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया है आगामी 6 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।साथ ही आगामी 6 अप्रैल तक लगातार व्यवस्थाएं देखी जाएगी। अभी तीन हेलीपैड बनाए गए हैं।

## वीणा की झंकार पर गूंजी संतो की वाणियां, वाणी उत्सव 2025 का भव्य समापन

जयपुर टाइम्स

रावतसर(नि.सं.)। थार की समृद्ध वाणी गायन परंपरा को सहेजने और लोकसंगीत को नया आयाम देने के उद्देश्य से आयोजित वाणी उत्सव 2025 का भव्य समापन हजारों संगीत प्रेमियों की उपस्थिति में हुआ। दो दिवसीय इस उत्सव के दौरान दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार और हरजस उत्सव सम्मान के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही रूमयना रंगोत्सव, मुंबई में भाग लेने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। लोक संगीत को प्रोत्साहन देने हेतु पांच लाख के वीणा वाद्ययंत्र भेंट किए गए।

### सम्मानित कलाकार और पुरस्कार विजेता

दानजी स्मृति मारवाड़ भजनी पुरस्कार के अंतर्गत पांच कलाकारों को 25,000 और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें बाड़मेर की रेखा हेतल, सरणाऊ सांचौर के सुरेश लोहार, सियानी बाड़मेर के कुंभाराम, पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया (मध्यप्रदेश) और डिजिटल माध्यम से प्रचार हेतु जालौर के भंवरलाल माली शामिल रहे।

हरजस उत्सव पुरस्कार में उत्कृष्ट गायन के लिए सनावड़ा बाड़मेर की अमरु देवी, सोडियार बाड़मेर की मोहिनी चौधरी और सिणधरी बालोतरा की समदा विश्नोई को 11,000 की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।मुंबई में आयोजित रूमयना रंगोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों को ?2 लाख के पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

### लोक कलाकारों का अद्भुत प्रदर्शन

पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया के भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। 85 वर्षीय वीणा गायक कुंभाराम ने अपनी वाणी से समां बांधा। जालौर के सुरेश लोहार और नांद बाड़मेर के सुरेश जाणी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। अमरु देवी के हरजस गायन से माहौल भक्तिमय हो गया।

### वीणा वाद्ययंत्र भेंट और अन्य सम्मान

लोक संगीत को बढ़ावा देने के लिए 50 कलाकारों को कुल 5 लाख के वीणा वाद्ययंत्र प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### गणमान्य लोगों की उपस्थिति

इस आयोजन में महंत सूरजनाथ जी महाराज, महंत मोटनाथ जी महाराज, महंत शंभुनाथ सैलानी, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी सहित कई संत-महात्मा, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सिंह चौधरी, जसवंत सिंह डूडी, रमेश मिर्धा, दीप सिंह भाटी, नरपतराज जाणी एवं दीपा शर्मा ने किया। समापन के दौरान सभी कलाकारों और दर्शकों ने अगले वर्ष फिर मिलने का वादा किया।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव पर निकला संघ का विशाल पथ संचलन**





# समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर संघ की प्रत्येक शाखा सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनें- निम्बाराम

जयपुर टाइम्स

जयपुर (नि.सं.) । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर महानगर के ऋषि गालव भाग की ओर से वर्ष प्रतिपदा उत्सव एवं विशाल पथ संचलन के अवसर पर क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि स्वयंसेवक प्रतिदिन शाखा में संस्कार सीखते हुए अथवा उनका पुनर्स्मरण करते हुए, अपने दैनंदिन जीवन में उनका प्रकटीकरण करते हैं। वे मन, वचन और कर्म से राष्ट्र-देव की आराधना करते हुए, नित्य बोले जाने वाली प्रार्थना के अनुरूप एक संकल्प, एक दृष्टि और एक विचार के साथ एकात्म होकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर साधनारत रहते हैं। आज देशभर में 83,000 नियमित शाखाएँ संचालित हो रही हैं, जहाँ प्रतिदिन 8 लाख से अधिक स्वयंसेवक भारत माता की जयघोष के साथ नित्य प्रार्थना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज हमारा नव संवत्सर का दिन है। एक समय था जब भारतीय नव वर्ष की चर्चा या जानकारी बहुत सीमित थी, लेकिन आज की स्थिति देखकर खुशी होती है। यह परिवर्तन हमारे सतत प्रयासों का परिणाम है। आज समाज उत्साह और उल्लास के साथ नव वर्ष मना रहा है। अपने उत्सवों में महापुरुषों को जोड़ते हुए, तिलक और ध्वज लगाते हुए, मांगलिक प्रतीकों का उपयोग करते हुए तथा पावन नवरात्र के प्रारंभ के साथ, चारों ओर नव वर्ष का जयगान गूंज रहा है।

आज राजस्थान का स्थापना दिवस भी है। विद्वानों के अनुसार, राजस्थान स्थापना दिवस की घोषणा सरदार पटेल ने चैत शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2006 के दिन की थी। राजस्थान के विकास के लिए सामंजस्य, सौहार्द और समरसता के साथ आगे बढ़ना होगा। इस गौरव और गर्व को बनाए रखने के लिए शासन और समाज, दोनों को मिलकर निरंतर प्रयास करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा में पारित संकल्प प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए मार्गदर्शक है। इसे समझकर और उसके अनुरूप योगदान देना आवश्यक है। शताब्दी वर्ष में अपनी शाखा को सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही बनाने के प्रयासों को और अधिक बढ़ाना होगा। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की प्रक्रिया हमें स्वयं से प्रारंभ करनी होगी और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। मातृशक्ति को संघ कार्यों से जोड़ते हुए, शताब्दी वर्ष के लक्ष्यों को पूर्ण करने का संकल्प लेना है। समाज के प्रबुद्ध एवं सज्जन शक्तियों को साथ लेकर, समाज निर्माण के अंतर्गत होने वाले सभी सकारात्मक कार्यों में सहयोग प्रदान करते हुए आगे बढ़ना होगा। संचलन में करीब 5,000 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासनबद्ध तरीके से कदमताल करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु आश्रम, जयपुर के महंत स्वामी अक्षयानंद थे । इस अवसर पर राजस्थान क्षेत्र के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल और ऋषि गालव भाग संघचालक अशोक जैन भी मंचासीन थे। कार्यक्रम के आरंभ में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता के साथ खड़े रहने का वाचन हुआ।

अपने उद्बोधन में महंत स्वामी अक्षयानन्द जी, जगद्गुरु आश्रम ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ हेगवार दूरदर्शी थे, उन्होंने भविष्य को ध्यान में रखकर संगठन का निर्माण किया।

### भव्य स्वागत एवं पुष्पवर्षा

स्वयंसेवकों के पथ संचलन के दौरान विभिन्न मोहल्ला विकास समितियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शहर के प्रमुख स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया गया। जयपुर की सड़कों पर यह अद्भुत दृश्य था, जब हजारों स्वयंसेवक एक साथ कदम से कदम मिलाकर देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित कर रहे थे।

### संघ के 6 उत्सवों में से एक - वर्ष प्रतिपदा उत्सव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले छह प्रमुख उत्सवों में से एक, वर्ष प्रतिपदा का विशेष महत्व है। इस दिन को हिंदू नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर अनुशासनबद्ध तरीके से पथ संचलन निकाला गया। इस पथ संचलन में हजारों स्वयंसेवक अनुशासित रूप से शामिल हुए और अपने प्रदर्शन के माध्यम से एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

### घोष वादन एवं अनुशासनबद्ध कदमताल

संघ के स्वयंसेवकों ने घोष वादन के माध्यम से अनुशासन और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। विभिन्न वाद्य यंत्रों, जैसे आनक (साइड ड्रम), त्रिभुज (ट्रायंगल), वंशी (बांसुरी), शंख (बिगुल) और प्रणव (बॉस ड्रम) के समन्वित वादन ने एक अनुपम संगीत प्रस्तुति दी। घोष की लयबद्ध ध्वनि के साथ स्वयंसेवक अनुशासनबद्ध रूप से कदमताल करते हुए आगे बढ़े। इस दौरान किरण,उदय, श्रीराम और सोनभद्र जैसी प्रसिद्ध घोष रचनाओं का वादन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया।

### पथ संचलन का मार्ग एवं जनता की सहभागिता

जयपुर में आयोजित इस भव्य पथ संचलन का मार्ग पूर्व निर्धारित था। संचलन महाराजा कॉलेज से प्रारंभ होकर अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, बड़ी चौपड़, सांगानेरी गेट और मोती डूंगरी रोड से गुजरते हुए रामनिवास बाग पहुंचा, फिर पुनः महाराजा कॉलेज पर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान हजारों की संख्या में शहरवासी सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक अभिवादन कर रहे थे।

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के प्रयासों से अजमेर को मिली नई रेल सेवा, दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस का होगा शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

अजमेर, (नि.सं.)। अजमेर संसदीय क्षेत्र को एक और महत्वपूर्ण रेल सुविधा मिलने जा रही है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के प्रयासों से दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15091/15092) का संचालन शुरू किया जा रहा है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ 31 मार्च को शाम 3 बजे दौराई रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।इस नई रेल सेवा के शुरू होने से अजमेर और उत्तराखंड के टनकपुर के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। यह ट्रेन गाजियाबाद, मुरादाबाद और पीलीभीत होते हुए टनकपुर पहुंचेगी, जिससे धार्मिक, पर्यटन और व्यापारिक यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

### प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद

इस नई ट्रेन सेवा को लेकर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का तेज गति से विस्तार हो रहा है और दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ÷यह ट्रेन अजमेरवासियों के लिए उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों तक पहुंचने का नया और सुगम मार्ग प्रदान करेगी।÷

### रेलवे सुविधाओं के विस्तार की दिशा में अहम कदम

अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के लोगों को बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा, रेलवे मंत्रालय के सहयोग से अजमेर में यात्री सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। आने वाले समय में भी क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

### अजमेर के लिए क्या होगा फायदा?

**प्रत्यक्ष रेल संपर्क :** अजमेर से टनकपुर तक सीधी रेल सेवा मिलेगी, जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को सुविधा होगी।

**आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा :** इस रूट से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।

**यात्रा समय में कटौती :** अब यात्रियों को लंबे और जटिल मार्गों की जगह एक सीधा रेल मार्ग मिलेगा, जिससे यात्रा सुगम होगी।

### 31 मार्च को शुभारंभ, नागरिकों को आमंत्रण

31 मार्च को आयोजित होने वाले शुभारंभ समारोह में स्थानीय जनता को आमंत्रित करते हुए केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि यह क्षण पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का अवसर है। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने और इस ऐतिहासिक रेल सेवा का साक्षी बनने की अपील की।

### रेलवे मंत्रालय का विशेष प्रयास

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं में लगातार विस्तार कर रहा है। दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस इसका एक और उदाहरण है, जिससे अजमेर और उत्तराखंड के बीच सीधा रेल संपर्क संभव हुआ है। इससे आने वाले समय में रेलवे के विकास की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।



## कुचामन में हिंदू नव वर्ष की भव्य शोभायात्रा, पूरा शहर हुआ भगवामय

जयपुर टाइम्स

कुचामन सिटी(नि.सं.)। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर रविवार को सर्व हिंदू समाज द्वारा विराट शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन में राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, युवा नेता आशीष चौधरी और राजस्थान कांग्रेस महिला प्रदेश अध्यक्ष सारिका चौधरी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।शहर में 100 से अधिक स्वागत द्वार बनाए गए, और पूरे मार्ग को रंगोलियों और भगवा पताकाओं से सजाया गया। चार किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में 450 से अधिक झांकियां शामिल थीं, जिनमें भगवान राम, श्रीकृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमान जी सहित अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलीं।

### युवा शक्ति और श्रद्धालुओं का उत्साह

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा में युवा, महिलाएं और बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह हर-हर महादेव, जय श्रीराम और भारत माता की जय के उद्घोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

## भाजपा हरियाणा प्रभारी सतीश पूनियां ने जयपुर में वरिष्ठ नेताओं से की शिष्टाचार भेंट, हिंदू नववर्ष की दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। भाजपा हरियाणा प्रभारी व राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने चैत्र नवरात्रि व हिंदू नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 के अवसर पर जयपुर में भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी व अशोक परनामी से मुलाकात कर उन्हें हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

डॉ. पूनियां ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संस्कृति में नवसंवत्सर एक नए उत्साह और ऊर्जा के साथ कार्य करने का संकल्प लेने का समय होता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इसे सभी को मिलकर हर्षोल्लास से मनाना चाहिए।

इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि राजस्थान में आगामी निकाय चुनाव व संगठनात्मक बदलावों की चर्चाएं जोरों पर हैं। ऐसे में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ पूनियां की यह मुलाकात कई राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है।

चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और शोभायात्राएं भी निकाली जा रही हैं।







# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की



आलेखः-
रमेश सर्राफ धमोरा
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।



कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। ''सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे''। गणगौर महिलाओं का त्योहार माना जाता है इसलिए गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। गणगौर के पूजन में प्रावधान है कि जो सिंदूर माता पार्वती को चढ़ाया जाता है महिलाएं उसे अपनी मांग में सजाती हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी पवित्र सरोवर या कुंड आदि में इनका विसर्जन किया जाता है।

आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

# महंगाई में पिसते कर्मचारी, राहत में नहाते सांसदः 2% बनाम 24% का गणित!

**सरकार ने जहां सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (ष्ठ) में मात्र 2% की वृद्धि की, वहीं सांसदों के भत्तों और वेतन में 24% की बढ़ोतरी कर दी। यह विरोधाभास कर्मचारियों और जनता में नाराजगी पैदा कर रहा है। कर्मचारियों के लिए 2% ष्ठ वृद्धि ऊंट के मुंह में जीरा समान। सांसदों को पहले से ही कई सुविधाएँ मिलती हैं, फिर भी वेतन में बड़ी बढ़ोतरी। सरकार जब आम जनता की राहत की बात आती है, तो "बजट की कमी" बताती है, लेकिन सांसदों के लिए खजाना खुला रहता है।**

**-प्रियंका सौरभ**

देश में महंगाई की मार लगातार बढ़ रही है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, पेट्रोल-डीजल की कीमतें जेब हल्की कर रही हैं और आम आदमी सोच रहा है कि "अगली सैलरी आएगी तो कौन-कौन से खर्चे टालने पड़ेंगे?" लेकिन इस बीच सरकार ने दो अलग-अलग वर्गों के लिए दो अलग-अलग राहत पैकेज जारी कर दिए– सरकारी कर्मचारियों के लिए महज 2% महंगाई भत्ता बढ़ाया गया।?? सांसदों के भत्तों और वेतन में 24% की बढ़ोतरी की गई।

यानी एक वर्ग को ऊंट के मुंह में जीरा, तो दूसरे को भरपूर दावत! यह विरोधाभास कर्मचारियों और जनता के बीच गहरी नाराजगी पैदा कर रहा है। सवाल यह उठता है कि महंगाई सिर्फ सांसदों के लिए ही क्यों बढ़ी दिखती है? यह फैसला साफ तौर पर सत्ता पक्ष के हितों को साधने के लिए लिया गया है, जबकि आम जनता और कर्मचारियों को उनके हक से वंचित रखा गया है। मीडिया में भी यह मुद्दा सुर्खियों में है। प्रमुख समाचार चैनलों और अखबारों में "2% बनाम 24% का भेदभाव" जैसे शीर्षक देखने को मिल रहे हैं। विशेषज्ञ इसे सरकार की जनविरोधी नीति करार दे रहे हैं।

**सरकारी कर्मचारियों के लिए सिर्फ 2%–क्या यह मजाक है?**

महंगाई भत्ते का मकसद कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई से राहत देना होता है। लेकिन जब खुदरा महंगाई दर 6-7% के पार जा चुकी है, तब महज 2% ष्ठ वृद्धि से कर्मचारियों को क्या राहत मिलेगी? यह ठीक वैसा ही है जैसे किसी भूखे इंसान को एक बिस्किट देकर कह दिया जाए–"यही बहुत है!" सरकारी कर्मचारियों के संघों और यूनियनों का गुस्सा जायज़ है। वे लंबे समय से उचित वेतन वृद्धि और महंगाई भत्ते में वाजिब बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने इसे टालने योग्य खर्च मानकर नाममात्र की वृद्धि कर दी। अब कर्मचारी संगठनों के सामने कुछ बड़े सवाल खड़े हो गए हैं– क्या महंगाई सिर्फ सांसदों के लिए बढ़ी है?? जब कर्मचारियों का बढ़ाना हो, तो खजाना खाली क्यों दिखता है? क्या आम कर्मचारियों का योगदान सरकार के लिए कम हो गया है?

**सांसदों को 24% की राहत–किसके पैसे से?**

अब जरा सांसदों की स्थिति पर नज़र डालें। सांसदों को पहले से ही कई भत्ते और सुविधाएँ मिलती हैं–?? फ्री हवाई और रेल यात्रा?? सरकारी बंगले और दफ्तर?? स्टाफ सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था?? अलग से चिकित्सा और पेंशन लाभ, इतनी सुविधाओं के बावजूद, उन्हें वेतन और भत्तों में 24% की बढ़ोतरी दी गई। यह एकतरफा फैसला जनता और कर्मचारियों के साथ अन्याय की ओर इशारा करता है। सवाल उठता है कि जब देश की अर्थव्यवस्था सुधारने की बात हो रही है, तब सांसदों के वेतन में इतनी बड़ी वृद्धि का औचित्य क्या है?

**जनता और कर्मचारी बोले–यह अन्याय है!**

सरकारी कर्मचारियों और आम जनता के बीच इस फैसले को लेकर जबरदस्त आक्रोश है। सोशल मीडिया पर सरकार को घेरने वाले मीम्स और पोस्ट्स की बाढ़ आ गई। ट्विटर और फेसबुक पर लोग कह रहे हैं–"महंगाई सबके लिए बढ़ी है, लेकिन सरकार की नजर में सिर्फ सांसदों को ही राहत चाहिए!" एक कर्मचारी बोला "चलो, अब महंगाई को भी और आम आदमी में बांट दिया गया!" एक और ट्वीट "अगर सांसदों को 24% बढ़ोतरी मिल सकती है, तो कर्मचारियों के लिए भी वही फॉर्मूला लागू हो!" यह सिर्फ वेतन वृद्धि का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाने का समय है। जब भी आम जनता को राहत देने की बात आती है, तब सरकारी खजाना खाली बताया जाता है, लेकिन जब खुद सांसदों की सुविधा बढ़ाने की बात हो, तो बजट की कोई चिंता नहीं होती!

**क्या अन्य देशों में भी ऐसा होता है?**

अगर अन्य देशों की बात करें, तो विकसित लोकतंत्रों में सांसदों के वेतन वृद्धि पर सख्त नियम होते हैं और यह आमतौर पर महंगाई दर के अनुरूप ही बढ़ाया जाता है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों में सांसदों के वेतन को वेतन आयोग और स्वतंत्र आर्थिक संस्थाओं द्वारा तय किया जाता है, न कि सरकार द्वारा सीधे। भारत में सांसद अपने वेतन और भत्ते खुद निर्धारित करने की शक्ति रखते हैं, जिससे यह असंतुलन पैदा होता है। यही कारण है कि यह मुद्दा बार-बार जनता के आक्रोश का कारण बनता है।

**अब आगे क्या?**

सरकारी कर्मचारी यूनियन इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। वेतन आयोग और नीति-निर्माताओं पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है ताकि ष्ठ वृद्धि को महंगाई दर के अनुरूप किया जाए। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार इस असमानता को दूर करने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी या फिर यह मुद्दा कुछ दिनों में दब जाएगा? इस फैसले ने साफ कर दिया है कि जनता की मेहनत की कमाई पर सबसे पहला हक नेताओं का ही बनता है।

# भूकंप के लिए अनियोजित मानवीय गतिविधियां भी हैं जिम्मेदार !

28 मार्च का दिन म्यांमार और थाइलैंड के लिए एक बहुत ही बुरा दिन था। इस दिन यहां आए जोरदार व शक्तिशाली भूकंप ने दोनों देशों को बुरी तरह से हिलाकर रख दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र से लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक तक भारी तबाही मचाई। इसके बाद आए 7.0 तीव्रता के एक और झटके ने स्थिति को और भी अधिक भयावह बना दिया। गौरतलब है कि भूकंप के झटके म्यांमार के अलावा थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत, वियतनाम और चीन तक महसूस किए गए। पाठकों को बताता चलूं कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत, डर और खौफ का माहौल बन गया और इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1644 हो गई है। वहीं यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मानवीय सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है। भारत की 80 सदस्यीय एनडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ सी130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीदा पहुंच चुका है। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। भूकंप से हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं, वहीं अनेक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।अभी संख्या में इजाफा हो सकता है, क्यों कि मलबे के नीचे और अधिक लोग दबे हो सकते हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। बैंकॉक शहर के अधिकारियों के अनुसार उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। जियोलॉजिस्ट्स(भूगर्भवेत्ताओं) के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के



सुनील कुमार महला,
फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। यहां तक कि भारत के मणिपुर तक भूकंप का असर हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2.31 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।हालांकि, म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे के ढेर, टूटी सड़कें, और ढहती इमारतों का भयानक मंजर फैला हुआ है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे जिंदगी बचाने की जंग और मुश्किल हो गई है। भूकंप के कारण मरीजों को सड़कों पर लाकर इलाज करना पड़ा, यह दर्शाता है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा का मानव के पास कोई तोड़ नहीं है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि म्यांमार भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में,ग्लोबल सीस्मिक रिस्क मैप पर म्यांमार रेड जोन में है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में एक बहुत बड़ी दरार मौजूद है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सैगोंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सैगोंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है।इसे 'स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट' कहते हैं। इसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं।सैगोंग फॉल्ट में चट्टानों के खिसकने की अनुमानित रफ्तार 11 मिलीमीटर से 18 मिलीमीटर सालाना है।चट्टानों के लगातार खिसकने से ऊर्जा का दबाव बनता है और यह समय-समय पर भूकंप के रूप में ऊर्जा बाहर निकलती है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के अंदर से ऊर्जा के निकलने के कारण तरंगें उत्पन्न होती हैं जो सभी दिशाओं में फैलकर पृथ्वी को कंपित करती हैं। भारत भी विश्व में भूकंप की दृष्टि से एक संवेदनशील क्षेत्र है। सच तो यह है कि भारत का लगभग 59% क्षेत्र विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिये प्रवण है।गौरतलब है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के महाद्वीपीय टकराव हिमालय में भूकंप के प्रमुख कारक हैं। जानकारी मिलती है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटें भी प्रतिवर्ष 40-50 मिलीमीटर की सापेक्ष दर से करीब आती जा रही हैं।यूरेशिया के नीचे भारत के उत्तर की ओर धकेलने/बढ़ने से कई भूकंप उत्पन्न होते हैं, फलस्वरूप यह इस क्षेत्र को पृथ्वी पर भूकंपीय रूप से सबसे अधिक खतरनाक क्षेत्रों में से एक बनाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पर्वत की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व की सबसे बड़ी भूकंप पेटी, परि-प्रशांत भूकंपीय पेटी, प्रशांत महासागर के किनारे पाई जाती है, जहाँ हमारे ग्रह के सबसे बड़े भूकंपों के लगभग 81% आते हैं। इसे 'रिंग ऑफ फायर' उपनाम से भी जाना जाता है। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि यह ठीक है भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन बावजूद इसके यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भूकंप आने के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। आज मानव अप्राकृतिक निर्माण कार्य कर रहा है, प्रकृति से निरंतर छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। खनन, सुरंग निर्माण, बांध निर्माण, पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती आबादी के बीच अनियोजित शहरीकरण, औधोगिकीकरण हो रहा है। प्रकृति का हम ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। मनुष्य हर कहीं अपने लालच और स्वार्थ के चलते प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन कर रहा है। हाल ही में म्यांमार और थाइलैंड में आया भूकंप एक बार फिर यह बखूबी साबित करता है कि प्रकृति के सामने मनुष्य अत्यंत असहाय है। कहना चाहूंगा कि प्रकृति का विकराल रूप मानव समाज के सामने कई चुनौतियां खड़ी करता है। हम जानते हैं कि भूकंप का पूवार्नुमान कर पाना संभव नहीं है, भले ही आज हम एआइ के युग में ही प्रवेश क्यों न कर गये हों। म्यांमार के लिए यह बहुत बड़ी दुःख व संकट की घड़ी है। मानव ही मानव के काम आता है।इन भयावह और संकट भरे हालातों में पीड़ित लोगों के साथ सहानुभूति और मदद ही सबसे जरूरी है। वास्तव में, इंसानियत की भावना ही पीड़ितों के दुख को कम कर सकती है। भारत सरकार ने दुःख की इस असीम घड़ी में पड़ोसी म्यांमार की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, यह काबिले-तारीफ है। बहरहाल ,मानव भूकंप को रोक नहीं सकता है, लेकिन हमें प्रकृति का संरक्षण करना होगा, उसके साथ खिलवाड़ को बंद करना होगा, क्यों कि प्रकृति ही हमारी रक्षक है, इससे छेड़छाड़ करके हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं, यह हमें समझना होगा।प्रकृति से जुड़ाव रखना और उसकी देखभाल करना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी व कर्तव्य है। कहना ग़लत नहीं होगा कि ये हमारी पालनहार और असली शिक्षक है। संस्कृत में बड़े ही खूबसूरत शब्दों में यह कहा गया है कि -'परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्।।' यानी कि वृक्ष परोपकार के लिए फल प्रदान करते हैं , परोपकार के हित नदियां बहती हैं । गौवें/गाएं परोपकार्थ ही दूध देती हैं और इन प्रतिमानों की उपमा देते हुए कहा गया है कि परोपकार प्रकृति का नैसर्गिक तत्व है मूल भाव है अतः हमें अपने इस शरीर से भी परोपकार करना चाहिए। प्रकृति उपहार है, हमें प्रकृति की रक्षा के लिए परोपकार करना है, कृतसंकल्पित होना है और हमारा यह परोपकार/कृतसंकल्प हमारी ही रक्षा करेगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रकृति है तो हमारा अस्तित्व है और यदि प्रकृति नहीं है तो हमारा भी अस्तित्व संभव नहीं है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र, लगातार फैलता आकाश, स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल प्रकृति का हिस्सा हैं, हमें इनकी हर हाल और परिस्थितियों में रक्षा करनी है। इतना ही नहीं,आज जरूरत इस बात की भी है कि आज हम भूकंप जनित खतरों के प्रति सुभेद्यता के अनुरूप विकास योजनाएँ बनाएं, ताकि पर्यावरण संतुलन के साथ सतत विकास को बढ़ावा मिल सके



# शरद केलकर ने संजय लीला भंसाली को बताया परफेक्शनिस्ट



एक्टर शरद केलकर ने हाल ही में संजय लीला भंसाली के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भंसाली के साथ काम करना किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि वह अपने काम में पूरी तरह से परफेक्शन चाहते हैं। इसके लिए वह अमिताभ बच्चन जैसे बड़े एक्टर से भी कई बार शॉट्स के लिए टेक्स लेने में बिल्कुल संकोच नहीं करेंगे। हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शरद केलकर ने कहा, 'संजय लीला भंसाली सर के साथ काम करना काफी चुनौती से भरा होता है। वह एक्टर से पूरी तरह मेहनत करवाते हैं और जो उन्हें चाहिए होता है, वो हासिल करके ही रहते हैं। शरद की मानें तो हर फिल्म को लेकर भंसाली का एक नजरिया होता है। वह फिल्म को अपने दिमाग में पहले से ही बना लेते हैं, और अगर कोई गलती होती है, तो वह उसे फिर से ठीक कर लेते हैं। वह थोड़ा परफेक्शनिस्ट हैं। उनके दिमाग में यह साफ होता है कि किरदार क्या करेंगे और उनकी सीमा क्या होगी। वह आपको अपनी सोच के करीब लाने के लिए बहुत मेहनत कराते हैं। कभी-कभी यह दबाव कुछ लोगों को परेशान कर सकता है, जबकि कुछ इसे पसंद करते हैं। शरद ने आगे कहा, 'भंसाली सर अमिताभ जी से भी जितने चाहे उतने टेक्स ले सकते हैं। अगर उन्हें अच्छा नहीं लगता तो वह मना भी कर सकते हैं। वह अपने काम को लेकर एकदम सख्त हैं।

'गोलियों की रासलीला रामलीला' में आए थे नजर शरद केलकर फिल्म 'गोलियों की रासलीला रामलीला' में नजर आए थे। एक इंटव्यू में उन्होंने बताया था कि जब उन्होंने फिल्म का सेट देखा था तब वह चौंक गए थे और सोचते थे कि इतने पैसे क्यों खर्च किया जा रहे हैं। मॉडलिंग से की थी करियर की शुरुआत शरद ने साल 2004 में ग्रासिम मिस्टर इंडिया कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया था। इससे पहले शरद फिटनेस ट्रेनर हुआ करते थे। इस कॉन्टेस्ट में शरद फाइनलिस्ट रहे थे, जिसके बाद उन्हें दूरदर्शन के शो आक्रोश में कास्ट कर लिया गया था।





# कीर्ति सुरेश को बेबी जॉन के लिए सामंथा ने की थी सिफारिश

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और साउथ अभिनेत्री कीर्ति सुरेश पहली बार फिल्म बेबी जॉन में स्क्रीन शेयर करते नजर आए। वैसे तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है, लेकिन इस फिल्म को जिसकी रीमेक बनाया गया यानी थेरी ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। बेबी जॉन की अभिनेत्री कीर्ति ने खुलासा किया की उन्हें इस फिल्म के लिए किसी खास शख्स ने रिकमेंड किया था और इस फिल्म को लेकर वह डरी हुई थीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, कीर्ति सुरेश ने खुलासा किया है कि सामंथा रूथ प्रभु ने हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन के लिए उनकी सिफारिश की थी। यह फिल्म एटली की तमिल ब्लॉकबस्टर थेरी की रीमेक है, जिसमें मूल रूप से दलपति विजय और सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बेबी जॉन में, कीर्ति ने वह भूमिका निभाई जो मूल रूप से सामंथा ने निभाई थी। एक इंटरव्यू के दौरान बेबी जॉन के लिए कीर्ति ने उनका नाम सुझाने के लिए सामंथा के प्रति आभार व्यक्त किया। कीर्ति ने कहा, जब यह हो रहा था, तब शायद वह मेरे बारे में सोच रही थी। यही बात वरुण धवन ने मुझे बताई थी। मैं इसके लिए जितना भी आभारी रहूं, कम है। सामंथा ने कहा कि कीर्ति इस किरदार को बखूबी निभा पाएगी। आगे कीर्ति ने कहा, तमिल में थेरी में उनका अभिनय मेरे पसंदीदा में से एक है। ईमानदारी से कहूं तो मैं इस फिल्म को लेकर बहुत डरी हुई थी।

आगे कीर्ति ने कहा, मुझे याद है कि उन्होंने जब बेबी जॉन का ट्रेलर देखने के बाद इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था, मैं इसे किसी और के साथ शेयर नहीं करती, लेकिन आपके साथ करती। यह बहुत प्यारा था और मेरे लिए बहुत मायने रखता था। मैं इससे बेहतर बॉलीवुड डेब्यू की उम्मीद नहीं कर सकती थी। यह उन किरदारों में से एक है, जिन्हें मैं वाकई पसंद करती हूं और मुझे खुशी है कि मुझे इसे हिंदी में निभाने का मौका मिला। बेबी जॉन कीर्ति सुरेश की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। भले ही फिल्म दर्शकों को प्रभावित करने में विफल रही हो, लेकिन कलीज निर्देशित इस फिल्म में कीर्ति सुरेश के अभिनय को कई लोगों ने काफी पसंद किया है। फिल्म में कीर्ति ने मीरा का किरदार निभाया है।



# मलाइका अरोड़ा ने बीते साल को लेकर कही अपनी बात

मलाइका अरोड़ा साल 2024 में अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहीं। पहले उनका अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ फिर अभिनेत्री के पिता का निधन हो गया। सोशल मीडिया पर मलाइका ने एक पोस्ट कर बताया कि उनका साल काफी कठिन रहा। अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से मलाइका अरोड़ा ने पोस्ट साझा की है। उन्होंने बताया कि ये साल उनके लिए कितना मुश्किल रहा। पोस्ट साझा कर मलाइका ने लिखा- साल 2024, मैं तुमसे नफरत नहीं करती लेकिन तुम बहुत मुश्किल रहे। बहुत सी चुनौतियां, बहुत सारे बदलाव और बहुत सारी सीख। तुमने मुझे दिखाया कि जीवन कैसे बदलता है। पलक झपकते ही जीवन में कितने बदलाव आ जाते हैं। मुझे लगता है मुझे खुद पर और भरोसा करना चाहिए। इस साल ने मुझे बताया कि मेरी मानसिक, शारीरिक और इमोशनल हेल्थ मेरे लिए कितनी जरूरी है।

### ऐसा सोचती हैं मलाइका

पोस्ट में लिखा, इस दौरान और भी बहुत सारी चीजें हैं, जिन्हें मुझे समझना होगा लेकिन मुझे लगता है, समय के साथ चीजें और समझ में आने लगेंगी। चीजों के होने की कुछ न कुछ वजह होती है, मैं इस बात को पूरी तरह से मानती हूं। बता दें कि मलाइका और अर्जुन कपूर ने काफी समय तक एक दूसरे को डेट किया। दोनों ने साथ में कई सारी तस्वीरें भी साझा की। वहीं, मई में खबरें आईं कि दोनों ने अपने रास्ते बदल लिए हैं। वे नहीं चाहते थे कि उनके रिश्ते को लेकर कोई बात करे। ब्रेकअप की खबरों के बीच ही अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल मेहता का निधन हो गया। इस दौरान बॉलीवुड के कई बड़े सितारों को मलाइका के घर जाकर उनसे मिलते देखा गया। मलाइका अरोड़ा की वर्कफंट की बात करें तो वे रियलिटी शो मूविंग इन विद मलाइका में देखा गया था। वहीं, अर्जुन कपूर को सिंघम अगेन में डेंजर लंका के किरदार में देखा जाएगा।



# धूता के बाद इस सुपर नैचुरल फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य?

साउथ अभिनेता नागा चैतन्य फिल्म धूता में नजर आए थे। फिल्म धूता ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को प्रशंसक की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस हॉरर फिल्म के अलावा नागा एक और हॉटट फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को विरुपाक्ष के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडू निर्देशित करेंगे।

### हॉरर फिल्म में नजर आएंगे नागा चैतन्य

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में प्रीमियर होने वाली अमेजन प्राइम सीरीज धूता के बाद, नागा चैतन्य एक धासू सुपरनैचुरल थ्रिलर जॉनर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। नागा चैतन्य विरुपाक्ष फेम कार्तिक वर्मा दंडू के निर्देशन में एक और सुपरनैचुरल थ्रिलर पर काम कर रहे हैं।

### फिल्म को लेकर चल रही है बातचीत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चै की फिल्म निर्मातों के बीच बातचीत चल रही है। इस सुपरनैचुरल थ्रिलर के लिए अर्का मीडिया वर्क्स में बाहुबली के निर्माता इस रोमांचक प्रोजेक्ट को फंड करेंगे। हालांकि, नागा चैतन्य ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अगर यह प्रोजेक्ट फाइनल हो जाता है, तो यह 2025 की दूसरी छमाही में यह फिल्म फ्लोर पर आ जाएगी।

### आने वाली फिल्म

हाल ही में अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला के साथ एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधने वाले नागा चैतन्य को अगली बार भावनात्मक समुद्र तटीय प्रेम कहानी थंडेल में देखा जाएगा। इस फिल्म में नागा के साथ साई पल्लवी नजर आएंगी। नागा चैतन्य फिल्म थंडेल में एक मछुआरे की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार है, जब वह एक ग्रामीण किरदार निभा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अरविंद ने इस फिल्म का निर्माण 60 करोड़ रुपये के बजट पर किया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह नागा चैतन्य की अब तक की किसी भी फिल्म का सबसे बड़ा बजट है। यह फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# क्या सुजॉय घोष की अगली फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं शाहिद?

सुजॉय घोष को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि वो शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की आगामी फिल्म किंग का निर्देशन करेंगे। हालांकि, बीते दिन जानकारी मिली कि फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है। वहीं, किंग से बाहर होने के बाद ही एक और खबर वायरल हुई थी कि सुजॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो वह एक थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही मुख्य भूमिका के लिए इस बॉलीवुड स्टार के साथ बातचीत भी चल रही है और इसमें शाहिद कपूर का नाम सामने आया था। हालांकि, यह खबर पूरी तरह से गलत है।

### शाहिद की टीम ने किया इनकार

इस खबर को लेकर जब शाहिद की टीम से बात की तो उन्होंने इस खबर से पूरी तरह से इनकार कर दिया। टीम ने बताया कि अभिनेता ऐसी किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वायरल हो रही खबरें पूरी तरह से गलत हैं और बिना किसी आधार पर चर्चा में चल रही हैं।

### इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं शाहिद

शाहिद इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म देवा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म के साथ शाहिद एक बार स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। फैंस भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# पलक तिवारी की डेटिंग लाइफ पर मां श्वेता ने दिया जवाब -वो हर तीसरे लड़के को डेट करती है

अफवाह है कि पलक तिवारी सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को डेट कर रही हैं। उनके लगातार एक साथ दिखने से इन अफवाहों को हवा मिली। वहीं, बेटी की डेटिंग की रिपोर्ट्स पर अब खुद मां श्वेता तिवारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही खुलासा किया कि इन सबका उन पर कैसा प्रभाव पड़ता है।

जब श्वेता तिवारी से बेटी पलक तिवारी की डेटिंग अफवाहों पर उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा, अफवाहें अब मुझे परेशान नहीं करतीं, पिछले कुछ वर्षों में मुझे एहसास हुआ है कि लोगों की याददाश्त केवल चार घंटे तक रहती है। उसके बाद वे समाचार भूल जाएंगे, तो चिंता क्यों करें? अफवाहों के मुताबिक, मेरी बेटी हर तीसरे लड़के को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी कर रही हूं।

### ट्रोल्स को दिया करारा जवाब

श्वेता तिवारी ने अपनी बात में जोड़ा, इंटरनेट के अनुसार, मैं पहले ही तीन बार शादी कर चुकी हूं। ये चीजें अब मुझे प्रभावित नहीं करतीं, पहले करती थीं जब सोशल मीडिया नहीं था और कुछ पत्रकार फिल्मी हस्तियों के बारे में अच्छा लिखना बिल्कुल पसंद नहीं करते थे। मनोरंजन जगत की हस्तियों के बारे में नकारात्मकता बिकती है। उस युग से निपटने के बाद, इसका मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।


### बेटी की ट्रोलिंग से होता है दुख

बेटी पलक की ट्रोलिंग पर अपना दुख जाहिर करते हुए श्वेता तिवारी ने कहा, यह मुझे कभी-कभी डराता है। पलक चाहे कैसी भी दिखती हो लेकिन वो बहुत मासूम है। वो लोगों को जवाब देना नहीं जानती है। ट्रोलिंग का ये युग काफी बदसूरत हो गया है। लोगों ने उसे नीचे खींचने की कोशिश की है, लेकिन वह कमेंट्स नहीं पढ़ती है। हालांकि, जब वो ट्रोल होती है तो इसका मुझ पर असर पड़ता है।

### श्वेता-पलक का वर्कफंट

श्वेता तिवारी को कसौटी जिंदगी की, परवरिश और बेगुसराय जैसे पॉपुलर टीवी शोज में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वहीं, पलक की बात करें तो उन्होंने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म में शहनाज गिल, राघव जुयाल, पूजा हेगड़े और सिद्धार्थ निगम भी हैं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही। वह अगली बार हॉरर-कॉमेडी द वर्जिन ट्री में दिखाई देंगी। फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह भी हैं और इसके 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# कल्कि एडी 2898 में कृष्ण के किरदार में नजर आएंगे ये अभिनेता





नाग अश्विन-प्रभास की फिल्म भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद किया है। इस फिल्म के पहले हिस्से के बाद दूसरे हिस्से में भगवान कृष्ण की छवि के रूप में दिखने वाले सितारों के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं कल्कि एडी 2989 के दूसरे हिस्से में कौन से सितारे नजर आने वाले हैं। इन सितारों के नाम को लेकर हुई चर्चाखबरों की मानें तो यह भूमिका अभिनेता कृष्ण कुमार बालासुब्रमण्यम द्वारा निभाई गई थी, जो सोरारई पोटरु में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। कृष्ण की भूमिका भूमिका निभाने के लिए संभावित अभिनेताओं के रूप में महेश बाबू और नानी जैसे नाम सामने आए।

### नाग अश्विन ने बताया किसे बनाएंगे कृष्ण

नाग अश्विन ने इसको लेकर कहा, मैं कल्कि में भगवान कृष्ण का चेहरा पहले हिस्से में नहीं दिखाना चाहता था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर सकता है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। खबरों की मानें तो महेश बाबू ने फिलहाल इस फिल्म के लिए काम करना अभी शुरू नहीं किया है। नाग अश्विन ने कहा, मुझे महेश बाबू काफी पसंद हैं। ये परिस्थिति बहुत अच्छे हैं। मैं उन्हें श्री कृष्ण के रूप में देख भी लिया था। उन्होंने कहा कि कल्कि एडी 2898 में प्रभास, कमल हसन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारों के लिया था।

विश्व का नंबर 1 सहकारी समिति इफको

# त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की घोषणा का स्वागत करता है

- ❐ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय रोज़गार क्षमता, व्यावसायिक विकास और उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करेगा।
- ❐ यह विश्वविद्यालय सहकारिता के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देगा।
- ❐ यह पहल 'सहकार से समृद्धि' के मिशन वक्तव्य के अनुरूप है, यह सहकारी संस्थानों को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक उन्नत करने में मदद करेगा



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए माननीय सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश को सहकारिता की भावना से प्रेरित और आधुनिक शिक्षा से सुसज्जित एक नया सहकारी नेतृत्व प्रदान करेगा।डॉ. उदय शंकर अवस्थी, प्रबंध निदेशक, इफको ने कहा, मैं त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 की सराहना करता हूं, जो सहकारी संस्थानों के अग्रणी विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सहकारी क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी। मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी के इस सराहनीय कदम का स्वागत करता हूं। यह भारतीय कृषि, किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत बड़ा कदम है। इससे हमारे गांव और मजबूत होंगे।

उन्होंने कहा, देश भर में क्षेत्र-विशिष्ट स्कूलों की स्थापना से उर्वरक सहकारी संस्थानों, विशेष रूप से इफको को मदद मिलेगी। इससे उर्वरक सहकारी प्रबंधन और विपणन के क्षेत्र में पेशेवरों की नई पीढ़ी सशक्त होगी। मौजूदा सहकारी कर्मचारियों के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम एक गेम-चेंजर हैं और यह ऐसा कदम है जो इस पैमाने पर पहले कभी नहीं उठाया गया। यह विश्वविद्यालय मौजूदा कर्मचारियों और सहकारियों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे वे अधिक कुशल बनेंगे और सहकारी बिरादरी के लिए एक बड़ी संपत्ति साबित होंगे।

इस कदम की सराहना व्यक्त करते हुए दिलीप सांघानी, अध्यक्ष, इफको ने कहा कि यह कदम सुनिश्चित करेगा कि सहकारी नेतृत्व की अगली पीढ़ी के बीजों को एक ऐसी प्रणाली के तहत पोषित और संरक्षित किया जाएगा जो सहकारी संस्थानों द्वारा सहकारी संस्थानों के लिए संचालित होगी। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन में अमित शाह जी, पहले केंद्रीय सहकारिता मंत्री, 'सहकार से समृद्धि' के ध्येय के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है जो आने वाले वर्षों तक सहकारी क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करेगा।सहकारी क्षेत्र के विकास और विस्तार के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित मानव संसाधनों की आवश्यकता है और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए काम करेगा। सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के बाद इसके डिप्लोमा और डिग्री धारकों को नौकरियां मिलेंगी। इस विश्वविद्यालय के माध्यम से घरेलू और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में बड़ा योगदान दिया जाएगा। इस विश्वविद्यालय से नई युग की सहकारी संस्कृति की शुरुआत होगी जो व्यावसायिक प्रबंधन की भावना को मूर्त रूप देगी। सहकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश भर के सहकारी संस्थानों के परामर्श से इस विश्वविद्यालय के लिए एक मानकीकृत पाठ्यक्रम विकसित किया जाएगा।

सहकारी विपणन में विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से सहकारी संस्थानों का व्यावसायिक प्रबंधन उन्हें वैश्विक मंच पर अपने उत्पादों के विपणन में सक्षम बनाएगा, जिससे अंततः सहकारी क्षेत्र की समग्र उत्पादकता और राजस्व में सुधार होगा और 'स्थानीय से वैश्विक' की भावना साकार होगी।

सहकारी सिद्धांतों और सहकारी गतिविधियों का विस्तार होगा। सहकारी क्षेत्र नई तकनीक से लाभान्वित होगा और उन लोगों तक पहुंचेगा जो अब तक सहकारी क्षेत्र से अछूते थे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद देश का पहला सहकारी क्षेत्र को समर्पित विश्वविद्यालय बनेगा और जब यह प्रति वर्ष लगभग 8 लाख उम्मीदवारों को डिप्लोमा, स्नातक डिग्री या प्रमाणपत्र प्रदान करने की क्षमता रखेगा, तो सहकारी आंदोलन में नया खून शामिल होगा। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के महानिदेशक जेरोएन डगलस ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि यह एक ऐसा कदम है जो न केवल भारतीय सहकारी आंदोलन को मजबूत करेगा, बल्कि ज्ञान विनिमय और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से यह कदम वैश्विक सहकारी आंदोलन में एक आधारशिला के रूप में कार्य करेगा और इसकी ताकत बढ़ाएगा। उन्होंने भारतीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया कि इस घोषणा को इस वर्ष यानी 2025 में किया गया, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष के रूप में नामित किया है।

# भिन्नताओं का जश्न मनाना इस अप्रैल में देखभालकर्ता समावेशन और क्लासरूम सुधार क्यों महत्वपूर्ण हैं

जयपुर टाइम्स

मुंबई, भारत(एजेंसी)। चूंकि अप्रैल ऑटिज्म जागरूकता और स्वीकृति माह के रूप में मनाया जाता है, इसलिए समावेशी नीतियों, शीघ्र हस्तक्षेप और देखभालकर्ता कल्याण की बढ़ती आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह वैश्विक अनुष्ठान, जिसकी शुरुआत 1970 में ऑटिज्म सोसायटी ऑफ अमेरिका द्वारा की गई थी और 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस (संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा संचालित किया जाता है, ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों और उनके परिवारों की आवश्यकताओं के प्रति गहन सामाजिक जुड़ाव की अपील करता है। इस वर्ष का विषय, ÷भिन्नताओं का जश्न मनाएं, तंत्रिका-विविधता को अपनाने और घरों, स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में समावेशी इकोसिस्टम के निर्माण को प्रोत्साहित करता है।इस संदर्भ में, मुग्धा कालरा की अभूतपूर्व पुस्तक, ÷आई सी यू, आई गेट यू- द सेल्फ-केयर गाइड फॉर स्पेशल नीड्स पेरेंट्स, एक आवश्यक संसाधन के रूप में उभरी है। बैंगलोर में इंडिया इंक्लूजन समिट और इंडियन न्यूरोडायवर्सिटी समिट के दौरान लॉन्च की गई यह पुस्तक परिवारों, शिक्षकों और एंप्लॉयर के लिए एक समयोचित साथी है।

**एक किताब जो एक आंदोलन की शुरुआत करती है**

यह पुस्तक न्यूरोडाइवरजेंट बच्चों के माता-पिता द्वारा सामना की जाने वाली भावनात्मक, वित्तीय और सामाजिक चुनौतियों के बारे में सीधे बात करती है, खासकर भारत में, जहाँ प्रणालीगत समर्थन अपर्याप्त है। मुग्धा कालरा - एक पुरस्कार विजेता प्रसारण पत्रकार, बीबीसी 100 महिला 2021 सम्मानित, और नॉट दैट डिफरेंट की सह-संस्थापक, एक देखभालकर्ता के रूप में अपने व्यक्तिगत अनुभव और समावेशन वकालत में अपनी पेशेवर विशेषज्ञता से आकर्षित होती हैं।

व्यावहारिक रणनीतियों और चिंतनशील अंतर्दृष्टि के मिश्रण के माध्यम से पुस्तक देखभाल करने वालों को अपने कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करती है। न केवल अपने लिए, बल्कि अपने बच्चों को बेहतर समर्थन देने के लिए भी। यह कॉर्पोरेट नीतियों पर भी जोर देता है जिसमें देखभाल करने वालों को भी शामिल किया जाता है, तथा इस बात पर जोर दिया जाता है कि देखभाल करने वालों को सशक्त बनाने से विकलांगता के व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव आ सकता है।

मुग्धा बताती हैं कि जब कॉर्पोरेट कंपनियां देखभाल करने वालों को नियुक्त करती हैं, तो वे पूरे परिवार को अधिक स्थिर और संतुष्ट जीवन जीने के लिए सशक्त बनाती हैं और इस तरह का समर्थन दूर-दूर तक फैलता है, जिससे विकलांग समुदाय में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता बढ़ती है।

**लेखिका के बारे में**

मुग्धा कालरा ने 2014 में अपने बेटे के ऑटिज्म से पीड़ित होने के बाद अपनी वकालत की यात्रा शुरू की और जागरूकता, स्वीकृति और हस्तक्षेप के लिए भारत के पहले बाल-नेतृत्व वाले न्यूरोडायवर्सिटी आंदोलन और संसाधन समूह, नॉट दैट डिफरेंट के माध्यम से समावेशन के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाया। वह एक पुरस्कार विजेता स्क्रीनराइटर लेखिका और समावेशिता एवं अदृश्य विकलांगता पर कॉर्पोरेट प्रशिक्षक भी हैं।

**अप्रैल और उसके बाद यह क्यों मायने रखता है**

भारत में ऑटिज्म के निदान में वृद्धि के साथ शुरुआती खतरे के संकेत और समय पर हस्तक्षेप के बारे में सार्वजनिक जागरूकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कई परिवार अभी भी कलंक या पहुँच की कमी के कारण निदान में देरी करते हैं। यह महीना मीडिया को यह उजागर करने का अवसर देता है।

प्रेस क्लब के चुनाव सम्पन्न

# मुकेश मीणा तीसरी बार अध्यक्ष, मुकेश चौधरी पांचवी बार महासचिव निर्वाचित

**पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के नतीजे घोषित**



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी 2024-25 के लिए मुकेश मीणा अध्यक्ष और मुकेश चौधरी महासचिव निर्वाचित हुए है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि अध्यक्ष पद पर मुकेश मीणा को 410, रूपेश टिंकर को 189, अभय जोशी को 163, डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को 138 और अमरदीप शर्मा को 101 मत मिले है। महासचिव पद पर मुकेश चौधरी को 295, राजकुमार शर्मा जकड़ी 287, योगेन्द्र शर्मा पंचौली को 210, और रामेन्द्र सोलंकी को 187 मत मिले है। उपाध्यक्ष के दो पदों पर डॉ. मोनिका शर्मा और परमेश्वर प्रसाद शर्मा निर्वाचित घोषित किए गए है। इस पद पर डॉ. मोनिका शर्मा को 520 और परमेश्वर प्रसाद शर्मा को 448 मत मिले है। उन्होनें बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर विकास शर्मा ने 302 मत प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इस पद पर अनिल त्रिवेदी को 299, नमोनारायण शर्मा को 234 और देवेन्द्र सिंह को 138 मत मिले है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शेखावत ने बताया कि कार्यकारिणी के दस पदों पर मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश कुमार सैनी, दीपक सैनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अनिता शर्मा, निखलेश शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर, विकास आर्य निर्वाचित घोषित किए गए है।

# आईआईटी मंडी ने एमए इन डेवलपमेंट स्टडीज में प्रवेश की घोषणा की

जयपुर टाइम्स



मंडी(एजेंसी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के तहत एमए इन डेवलपमेंट स्टडीज कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

यह दो वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम छात्रों को हिमालयी क्षेत्र से जुड़े अवसरों और चुनौतियों की गहन समझ प्रदान करता है, जिसमें सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुसंधान और फ़ील्ड वर्क को भी शामिल किया गया है।स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने कहा, एमए इन डेवलपमेंट स्टडीज एक अनूठा कार्यक्रम है, जिसे हिमालयी क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए डिजाइन किया गया है।

यह दो वर्षीय पाठ्यक्रम छात्रों को इस क्षेत्र पर शोध करने और विकास से जुड़े व्यावहारिक कार्य करने का अवसर प्रदान करता है।

इसके अलावा, पाठ्यक्रम एमए-पीएचडी ड्यूल डिग्री का विकल्प भी देता है, जिससे छात्र सीधे उन्नत शोध में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, आईआईटी मंडी में एमए डेवलपमेंट स्टडीज का उद्देश्य ऐसे विकास विशेषज्ञों और शिक्षाविदों की एक नई पीढ़ी तैयार करना है, जो सूचित निर्णय लेने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# हीरा उद्योग कीमत में अस्थिरता और मांग में उतार-चढ़ाव

जयपुर टाइम्स

राष्ट्रीय(एजेंसी)। हीरा उद्योग, कीमत में अस्थिरता और मांग में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों से जूझने के बाद, अब इनसे उबर रहा है। हाल के महीनों में हीरे की कीमत में 10% की वृद्धि दर्ज हुई, जो अमेरिका, यूरोप, चीन और भारत जैसे प्रमुख बाज़ारों में उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि के कारण संभव हुआ। भारत में, टियर-2 और टियर-3 शहर प्राकृतिक हीरे की नई मांग में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभर रहे हैं। उद्योग विशेषज्ञों को अनुमान है कि यह सुधार स्थिर होगा। साथ ही 2025 में हीरे और विशेष रूप से छोटे आकार के हीरे की खपत में 15-20% वृद्धि का अनुमान है।

**उद्योग के पुनरुद्धार में ज़िम्मेदार व्यापार संगठनों की भूमिका**

हीरा उद्योग के पुनरुद्धार में सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार व्यापार संगठनों की बड़ी भूमिका रही है, जिन्होंने अस्थिरता के दौर में श्रमिकों और व्यवसायों का समर्थन किया। महात्मा गांधी ने कहा था, खुद की तलाश का सबसे अच्छा तरीका है दूसरों की सेवा में खुद को खो देना। इन संगठनों ने कारीगरों के कल्याण और उद्योग के कार्यबल को बनाए रखने में मदद की।

ऐसा ही एक अनुकरणीय संगठन है, जेम एंड ज्वेलरी नेशनल रिलीफ फाउंडेशन (जीजेएनआरएफ) है जो भारतीय हीरा उद्योग की सामूहिक धर्मार्थ शाखा का प्रतिनिधित्व करता है। जीजेएनआरएफ के अंतर्राष्ट्रीय योगदानकर्ताओं में जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका (जीआईए), एंग्लो अमेरिकन फाउंडेशन, रियो टिंटो और डायमंड्स डू गुड (डीडीजी) जैसे प्रसिद्ध संगठन शामिल हैं। विंस्टन चर्चिल के शब्दों से प्रेरित होकर इन संस्थाओं ने लगातार सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से पहल का समर्थन किया। उन्होंने कहा था - हमें जो अर्जित करते है उससे अपना जीवनयापन करते हैं, लेकिन सही मायने में जीवन दूसरों की मदद कर जी पाते हैं।÷

**कल्याणकारी पहल- कारीगरों के लिए जीवन रेखा बनी सामुदायिक सहायता**

जीजेएनआरएफ ने पिछले कुछ सालों में कारीगरों और उनके परिवारों के लिए एक मज़बूत सहायता नेटवर्क बनाया है। हाल के संकट के दौरान, इसने गुजरात के भावनगर, पालनपुर, दीसा, सुरेन्द्रनगर, उमराला और वल्लभीपुर जैसे प्रमुख केंद्रों में रू1.42 करोड़ मूल्य के 7,000 से अधिक अनाज किट वितरित किए। इससे पहले बोटाद जिले और सूरत में रू80 लाख मूल्य के अनाज किट का वितरण किया गया था। इसके अलावा, जीजेएनआरएफ ने सूरत में वंचित छात्रों की स्कूल फीस का भुगतान करने के लिए कदम उठाया और गुजरात के सूरत तथा पाटन क्षेत्रों में सालाना मुफ्त नोटबुक वितरित किया।

**स्वास्थ्य सेवा सहायता**

स्वास्थ्य सेवा, जीजेएनआरएफ की सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक रही है। सिर्फ वित्त वर्ष 2023-24 में, 5,000 से अधिक कारीगरों को गंभीर बीमारियों, सर्जरी और अस्पताल में भर्ती होने के खर्चों के लिए चिकित्सा सहायता मिली। श्री भावनगर जिला डायमंड एसोसिएशन और डायमंड वर्कर यूनियन गुजरात जैसे स्थानीय संगठनों के साथ गठजोड़ से कारीगरों को निःशुल्क जांच, दवाई और परामर्श प्रदान करने वाले स्वास्थ्य सेवा शिविरों से लाभ प्रदान करना आसान हो जाता है।रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने अपनी स्वास्थ्य कोष पहल के ज़रिये इन प्रयासों को आगे बढ़ाया है। स्वास्थ्य रत्न योजना ने स्वास्थ्य सेवा के तहत ?184 करोड़ का प्रसंस्करण कर 8.45 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस बीच, परिचय कार्ड कार्यक्रम कारीगरों को प्रति कार्डधारक ?35,000 मूल्य की मुफ्त स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी डिजिटल पहचान प्रदान करता है। अब तक 1.4 लाख से ज़्यादा परिचय कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिसका लक्ष्य है, 2027 तक 50 लाख (5 मिलियन) कारीगरों तक पहुंच बनाना।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष, किरीट भंसाली ने कारीगरों के प्रति परिषद की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा, ÷जीजेईपीसी में, हमारा मानना है कि हमारे कारीगर इस उद्योग में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उनके कौशल और समर्पण ने भारतीय आभूषणों को दुनिया भर में प्रसिद्ध बना दिया है। जीजेएनआरएफ के ज़रिए, हम सुनिश्चित करते हैं कि उन्हें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और वित्तीय सहायता मिले, जिसकी उन्हें ज़रूरत होती है। हम ऐसा तंत्र तैयार करना चाहते हैं, जहां हर कारीगर अपने-आपको बेशकीमती और सुरक्षित महसूस करे ताकि मज़बूत और वहनीय उद्योग का मार्ग प्रशस्त हो। हम वही करते हैं जो ज़रूरी है; फिर वह करते हैं जो संभव है; और फिर ऐसे में अचानक आप असंभव को भी संभव बना रहे होते हैं।

जीजेईपीसी ने सूरत में 42,000 से अधिक हीरा फैक्ट्री श्रमिकों को चिकित्सा बीमा प्रदान किया है, जो बेहद रियायती दर पर ?1,00,000 का कवरेज प्रदान करता है। इसके अलावा, कारीगरों के लिए ?35,000 की निःशुल्क चिकित्सा बीमा योजना उपलब्ध है, जिसमें 35,000 सदस्य पहले से ही नामांकित हैं और परिचय कार्ड मेडिक्लेम के ज़रिये लाभ उठा रहे हैं। भावनगर, अमरेली, राजकोट, जूनागढ़ और पालनपुर सहित अन्य हीरा-केंद्रित केंद्रों में भी इस सहायता पहल का विस्तार किया गया है।

जीजेईपीसी के गुजरात क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष, जयंतीभाई एन. सावलिया ने सूरत के हीरा उद्योग में चल रही मंदी के बारे में कहा, जीजेईपीसी ने उद्योग में मौजूदा मंदी के संबंध में गुजरात सरकार के साथ संवाद में सक्रिय रूप से भाग लिया है। हमने कारीगरों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए, 19 मार्च, 2025 को सूरत में श्रम आयुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, हमने इस मामले को सुलझाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गठित टास्क फोर्स समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की, जिससे कारीगर समुदाय के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई।

**निवारक स्वास्थ्य सेवा**

जीजेएनआरएफ तत्काल सहायता के अलावा स्वच्छता और पोषण पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देता है। प्रमुख अस्पतालों के साथ साझेदारी कारीगरों के लिए रियायती उपचार सुनिश्चित करता है, साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए ज्ञान से सशक्त बनाता है।

**शैक्षणिक सहायता**

जीजेएनआरएफ मानता है कि उद्योग का भविष्य कारीगरों के बच्चों की शिक्षा पर निर्भर करता है। छात्रों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जिससे वे बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्च अध्ययन कर सकें। हाल के वर्षों में, 1,200 से अधिक छात्रों को इन पहलों से लाभ हुआ है, जिससे उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर अवसर प्राप्त करने में मदद मिली है। फाउंडेशन व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के साथ मिलकर रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के अनुरूप कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कारीगर और उनके परिवार अपनी विशेषज्ञता बढ़ा सकें और उभरते बाज़ार में प्रतिस्पर्धी बने रह सकें।

इसके अलावा, जीजेईपीसी ने छात्रों को उद्योग के पेशेवरों से जोड़ने के लिए मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं जो उन्हें करियर के लिहाज़ से मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और मूल्यवान जानकारी प्रदान करते हैं। इस तरह के प्रयास न केवल व्यक्तिगत संभावनाओं को बेहतर बनाते हैं बल्कि कुशल कारीगरों की एक नई पीढ़ी को बढ़ावा देकर उद्योग की दीर्घकालिक वहनीयता में भी योगदान देते हैं।

जीजेएनआरएफ ने चिकित्सा आपात स्थितियों, आवास और जीविका के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न पहलें शुरू की हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में, संघर्षरत परिवारों की सहायता के लिए 15 करोड़ से अधिक का वितरण किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे एक स्थिर आजीविका बनाए रख सकें। फाउंडेशन ने माइक्रो-फाइनेंसिंग योजनाएं भी शुरू की हैं, जिससे कारीगरों को औज़ारों, कच्चे माल और व्यवसाय विस्तार में निवेश करने के लिए कम ब्याज दर पर कम राशि का ऋण हासिल करने में मदद मिलती है।

जीजेईपीसी ने रोज़गार के अवसर पैदा करने और नौकरी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए उद्योग के हितधारकों के साथ भागीदारी की है। परिषद आभूषण निर्माताओं और निर्यात घरानों के साथ सहयोग कर, कौशल-मिलान (स्किल मैचिंग) कार्यक्रमों की सुविधा प्रदान करती है। ये प्रयास वित्तीय स्थिरता प्रदान करते हैं, लेकिन आधुनिक आभूषण डिज़ाइन में पारंपरिक शिल्प कौशल के मूल्य को भी सुदृढ़ करते हैं।

**आपदा राहत**

जीजेएनआरएफ ने ज़रूरत के समय आगे बढ़कर मदद की है। इसने प्राकृतिक आपदाओं, महामारी और आर्थिक मंदी के दौरान राहत कार्य में मदद की है। कोविड -19 महामारी के दौरान, जीजेएनआरएफ ने 10,000 से अधिक प्रभावित कारीगरों और उनके परिवारों को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के साथ-साथ वित्तीय और चिकित्सा सहायता प्रदान की।

जीजेईपीसी , जीजेएनआरएफ के ज़रिये कारीगरों के लिए कल्याणकारी तंत्र को मज़बूत करने के लिए समर्पित है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और वित्तीय सहायता पहलों का विस्तार कर, परिषद का लक्ष्य है, स्थायी और सहायक वातावरण बनाना जहां कारीगर फले-फूलें। भविष्य की योजनाओं में चिकित्सा सहायता कार्यक्रमों को बढ़ाना, कारीगरों के बच्चों के लिए डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म शुरू करना और कारीगरों को बेहतर धन प्रबंधन कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ाना शामिल है।

वैश्विक मांग में स्थिरता आने के बीच हीरा उद्योग दीर्घकालिक वृद्धि के लिए तैयार है। आपूर्ति श्रृंखला ट्रेसबिएलिटी और वहनीयता-केंद्रित ब्रांडिंग जैसी रणनीतिक पहल उपभोक्ताओं के विश्वास को और बढ़ाएगी। जीजेएनआरएफ जैसे उद्योग संगठनों के कल्याणकारी प्रयासों का नेतृत्व करने और विकसित बाज़ार की गतिशीलता के अनुकूल होने के साथ, कारीगर और व्यवसाय दोनों ही एक शानदार भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।

## संस्कार भारती ने विक्रम संवत पर राहगीरों का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** बजरिया रोड पर कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ओर से भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 और नव दुर्गा महोत्सव के उपलक्ष में आने-जाने वाले लोगों के वाहनों पर भगवा पताकाएं लगाकर, भगवा दुपट्टा पहनाकर व तिलक और मिष्ठान के माध्यम से नागरिकों का स्वागत करते हुए उन्हें मंगलकामनायें दीं गईं। संस्कार भारती के जिला संयोजक मुकेश सूतैल ने बताया कि समाजसेवी राहुल सिंघल के नेतृत्व में नया विक्रमी संवत मनाया गया। इस अवसर पर राहुल सिंघल ने नागरिकों को बताया कि यही संवत पूर्णत वैज्ञानिक तथा धार्मिक है। उन्होंने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक हर काम में इसी कलैंडर का प्रयोग किया जाता है और यही परंपरा व संस्कृति भारत के गौरव को बढाती है। मुकेश सूतैल ने बताया कि ईसवी कैलेंडर की अपेक्षा विक्रमी कैलेंडर को सभी शुभ कार्यों के लिए प्रयोग में लाया जाता है, अत इस दिन सभी लोगों को नए वर्ष का स्वागत बड़े ही धूमधाम से करना चाहिए। इस अवसर पर प्रखर गड़ेंचिया, लक्ष्मीनारायण झा, स्नेह गर्ग, शुभम सिंघल, दीपू कुशवाह, बलवीर सिंह राना, राजेश शर्मा, अंकित सिंघल सहित अनेक लोगों ने नागरिकों को नए वर्ष की मंगलकामनायें दीं।

## पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने गणगौर माता के वस्त्र व चंवर भेंट किया



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे में गणगौर माता मेला समिति द्वारा गणगौर के अवसर पर दो दिन 16 श्रंगार से परिपूर्ण गणगौर माता की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकाली जाती है। पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने अपनी पुत्रवधु स्वर्णलता स्वामी के साथ गणगौर माता की सवारी निकालने से पूर्व अपने निवास पर समिति के मुरारी पटेल को गणगौर माता के वस्त्र व चांदी के हत्थे वाला चंवर भेंट कर गणगौर माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान श्रीनंदन तेला, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी, पार्षद रामप्रसाद शर्मा, कालू योगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राजपूत सभा चुनाव अधिकारी ने की संचालन समिति की घोषणा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजपूत छात्रावास धौलपुर में चुनाव अधिकारी रविंद्र सिंह परमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ निष्पक्ष चुनाव हेतु संचालन समिति की घोषणा की है जिसमें संजू जादौन झिरी , चतुर सिंह तोमर , सूबेदारपुरा , राधेश्याम परमार बोरेली , मुनेश धाकरे सिकरौदा , केशव सिंह सिकरवार भोडिया , रविंद्र सिंह सिकरवार हथवारी आदि को सदस्य मनोनित किया है। यह एक सप्ताह में विचार विमर्श कर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। कार्यक्रम में हुकुम सिंह गंभीर सिंह भागीरथ सिंह सोवरन सिंह नरोत्तम सिंह हरेंद्र सिंह सुरेंद्र परिहार धर्मेंद्र सरपंच राजू परमार बनवारी परमार बच्चू सिंह रणबीर सिंह राकेश चौहान प्रदीप सिसोदिया विनय परमार आदि उपस्थित रहे।

## चेटीचंड सिंधी मेला समिति महानगर जयपुर, सिंधी समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया चेटीचंड महापर्व

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** सिंधी समाज के आराध्य वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व रविवार 30 मार्च 2025 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष दिलीप हरदासानी और महासचिव दिलीप पारवानी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के तहत चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। चौगान स्टेडियम में पूज्य सिंधी पंचायत ,पुरानी बस्ती के सहयोग से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। पंचायत के संरक्षक नंदलाल लालवानी ने बताया कि श्री अमरापुर दरबार के संत मोनू राम जी और संत मंडली ने ज्योति प्रज्ज्वलित की इसके बाद यात्रा आरंभ हुई ।इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ,ज्ञानदेव आहूजा , मोहन लाल वाधवानी,नारायण दास नाज़वानी,छबल दास नवलानी,अमर गुरबाणी,चंद्र प्रकाश खेतानी एडवोकेट ,ईश्वर मोरवानी,मनोज ठाकवानी उपस्थित थे।इस अवसर पर संत मोनू राम जी महाराज ने कहा कि सदगुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज का जीवन परिचय एवं उनकी वाणी (दोहे, पद, छंद, श्लोक माला, भजन,) हिंदी पाठ्य पुस्तकों में शामिल होनी चाहिएं ,साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चेटीचंड का अवकाश घोषित हो ।

# राजस्थान दिवस महोत्सव के पांचवे दिन हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

### राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 120 युवाओ को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

### विवार को मचकुंड पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत नगर परिषद टाउन हॉल में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनितों संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सार्वजनिक सेवा में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुये आगे बढ़ने के सतत प्रयास जारी रखे। लोकसेवक ईमानदारी से कार्य करते हुये कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस दौरान कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का वी सी के जरिये सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 120 नवचयनितों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में छात्रावास अधीक्षक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, फार्मासिस्ट एवं एएनएम तथा महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक पद पर चयनित जिले के कुल 120 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किये। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा ,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी बलभद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा लाभार्थी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मचकुंड पर

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 मार्च, रविवार को मचकुंड, धौलपुर में संध्या 6.00 बजे से प्रारंभ होगा। इस विशेष अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों एवं प्रख्यात राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोकगीत, मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय भावना को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धौलपुर के प्रतिष्ठित एवं स्थानीय कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं को संजोने और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## प्रकाशोत्सव में उमड़ा आस्था का जनसैलाब- मत्था टेक कर की गुरु की अरदास



### गुरु गोविन्द सिंह के नरैना आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है प्रकाशोत्सव

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे के दूदू रोड़ पर स्थित श्री चरण कमल साहिब गुरुद्वारा में गुरमति समागम के तीसरे दिन रविवार को प्रकाशोत्सव के अवसर पर आस्था के जनसैलाब ने गुरूवाणी के आगे मत्था टेक कर गुरु की अरदास की। प्रकाशोत्सव से पूर्व गुरूद्वारा के मुख्य गुबंद सहित परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी कर सजाया गया। गुरूद्वारा के सेवादार बाबा बलविंदर सिंह ने बताया कि गुरमति समागम का शुभारंभ शुक्रवार को अखंड पाठ साहिब से शुरू हुआ। रविवार को अमृतसर आदि जगहों से पधारे रागी-जत्थों ने शबद कीर्तन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल किया। सांय चार बजे धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान सुबह से लेकर देर रात तक गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। खाकी ड्रेस व भगवा सिक्ख पगड़ी पहने निशाना एक सिक्खी प्रिपेटरी के चालीस युवाओं ने व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में मुख्य गुरूद्वारा साहिब की विशेष सजावट की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं के गला तर करने के लिए शीतल गन्ने का रस, नमकीन छाछ आदि की व्यापक व्यवस्था की गई। प्रकाशोत्सव के दौरान गंदगी ना फैलें, इसके लिए लंगर सहित अन्य खाद्य सेवाओं के लिए स्टील के बर्तनों का उपयोग किया गया। इस दौरान कार सेवा खडूर साहिब के बाबा लक्खा सिंह,बाबा सेवा सिंह, व्यवस्थापक बाबा निहाल सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्री श्री बारह बालाजी महाराज के मंदिरों में नवरात्रि स्थापना दिवस उत्साह मनाया



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)** हिंदू पंचांग के अनुसार रविवार से क्षेत्र नवरात्र और हिंदू नव संवत्सर की शुरुआत हो गई है नवरात्रि के अवसर पर लोगों ने रविवार सवेरे शुभ मुहूर्त में घर मंदिरों में घट स्थापना की लोगों ने मां शक्ति की विशेष आराधना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। वहीं श्री श्री बाहर बालाजी महाराज मंदिर में नवरात्रि स्थापना दिवस उत्साह के साथ बनाया गया। नवरात्रि को लेकर आसपास के सभी मंदिरों में साफ सफाई कर सजाया गया। चैत्र नवरात्रा रविवार से प्रारंभ होते ही देवी मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ भी देखीं गई है मंदिर खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिरों में भजनों , हनुमान चालीसा पाठ, पूजा-अर्चना आरती की गूंज हो रही है मंदिरों में घट स्थापना कन्या पूजन के कार्यक्रम हो रहे हैं श्रद्धालु मंदिरों तक पहुंच कर सुख समृद्धि और खुशहाली की मन्नते मांग रहे हैं छोटे बड़े मंदिरों में देवी देवताओं के दर्शन के लिए पूजन सामग्री के साथ मंदिर पहुंचे और मूर्तियों के सामने दीप जलाकर आराधना की गई। प्रथम दिन मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने का जमावड़ा शुरू हो गया। नवरात्रि पर्व के अवसर पर दूर दराज से श्रद्धालु अपने-अपने मान्यताएं वाले धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर अपने देवी देवताओं को अरदास लगा रहे हैं नवरात्रा के दिनों में ज्यादा मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भीड़ रहती है वहीं नवरात्र में मनशा माता रानी के अलग-अलग स्वरूप को उपासना की जा रही है आगामी रामनवमी दिन तक सभी धार्मिक स्थलों मंदिरों पर धार्मिक अनुष्ठानों का कार्यक्रम रहेगा।

## मन की बात कार्यक्रम की 120 वीं कड़ी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम की 120वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास से प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्र तथा भारतीय नववर्ष के साथ ही आगामी 13 से 15 अप्रेल के बीच देश के विभिन्न राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों और पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दी। श्री मोदी ने कहा कि हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में मनाए जाते हैं, लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। प्रधानमंत्री ने परीक्षा के बाद स्कूलों में होने वाले ग्रीष्मावकाश की चर्चा करते हुए छुट्टियों में बच्चों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गर्मी के मौसम में जल संरक्षण के महत्व पर बात करते हुए जल संचय जन-भागीदारी अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का भी आह्वान किया। मोदी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर के माध्यम से वर्षा जल संचय के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उत्साह, लगन और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी मॉरीशस यात्रा के अनुभव साझा करते हुए दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय संस्कृति का संरक्षण कर रहे संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने अनुपयोगी वस्तुओं और कचरे को रिसाइकल कर उपयोगी सामान बनाने की पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण हितैषी बताया।

## जुड़वां बेटियों के हत्यारे पिता का निकाला जुलूस, बोला- मैं कंस आदमी, मुझे फांसी देनी चाहिए

**नीमकाथाना** (नि.सं.)सीकर के नीमकाथाना में दो जुड़वां बेटियों के हत्यारे पिता का पुलिस ने बाजार में जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान आरोपी लोगों से माफी मांगता रहा। वह बोलता रहा कि मैं कंस आदमी हूं। मैंने गलत किया है। मुझे फांसी देनी चाहिए। मैं दुनिया में किसी को मुंह नहीं दिखा सकता। मैं बेकार आदमी हूं। पुलिस ने बेटियों के हत्यारे पिता अशोक का रविवार को शाम 4.30 बजे जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। उसके बाद अस्पताल से खेतड़ी मोड़ तक पैदल जुलूस निकाला। करीब 300 मीटर के पैदल जुलूस में हत्यारा अशोक लड़खड़ाते हुए चल रहा था। इसके बाद उसे नीमकाथाना के अवकाशकालीन कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली थाने की सीआई सुनीता बॉयल ने कहा- पुलिस ने हत्यारे पिता अशोक यादव को 28 मार्च को गिरफ्तार किया था और 29 मार्च को कोर्ट में पेश कर 1 दिन के रिमांड पर लिया था। रिमांड पूरा होने पर रविवार को अवकाशकालीन कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी का शहर में जुलूस निकाला गया।

### अन्तर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध कोटपूतली पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## पुलिस थाना कोटपूतली व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुये गैंग के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निसं.)** स्थानीय थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) की टीम ने संयुक्त रूप से अन्तर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुये गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किये है। इस सम्बंध में जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुये बताया कि विगत 29 मार्च को डीएसटी टीम को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम गोनेड़ा निवासी विकास गुर्जर व उसका एक अन्य साथी जिनके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार है, जो कि जयपुर की तरफ से कोटपूतली आ रहे है। इस पर कोटपूतली थाना पुलिस व डीएसपी टीम के जाप्ते ने कस्बे के बानसूर कट स्थित गोपालपुरा मोड़ के पास जाकर घात लगाई तो कुछ ही देर में दो नौजवान युवक जिन्होंने अपनी पीठ पर बैग लटका रखा था। दोनों राजमार्ग की सर्विस लेन पर पैदल आते दिखाई दिये। डीएसटी टीम के कानि. विक्रम ने उनमें से बैग लटकाये हुये युवक की पहचान गोनेड़ा निवासी विकास उर्फ विक्की के रूप में की। पुलिस जाप्ते द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त दोनों युवक पुलिस जाप्ते को देखकर भागने लगे। चूंकि दोनों के पास अवैध हथियार होने की सूचना थी। साथ ही उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग का अंदेशा भी था। इस पर पुलिस ने बेहद सम्भल कर पीछा करते हुये दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने विकास उर्फ विक्की के पायजामे से एक देशी पिस्टल व सुनील उर्फ कालू की पेंट में भी एक देशी पिस्टल बरामद की। वहीं उनके बैग से 05 देशी पिस्टल, 04 देशी कट्टे, 01 खाली मैग्जीन पिस्टल की, 08 जिंदा कारतुस देशी कट्टे के व 12 जिंदा कारतुस देशी पिस्टल के बरामद किये। एसपी ने बताया कि इस पर दोनों बदमाशों क्रमश पनियाला थाने के गोनेड़ा निवासी विकास उर्फ विक्की (24) पुत्र किशन लाल गुर्जर व सीकर के पाटन थाना क्षेत्र की अहीरों की ढ़ाणी निवासी सुनील कुमार उर्फ कालू (25) पुत्र बाबूलाल अहीर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी में डीएसटी टीम के कानि. विक्रम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दोनों अभियुक्तों में विकास उर्फ विक्की पनियाला थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में गंभीर अपराधों के करीब एक दर्जन प्रकरण पंजीबद्ध है। वहीं दुसरा अभियुक्त सुनील उर्फ कालू झुंझुनु के बबाई थाना क्षेत्र में लूट के एक मामले में विगत एक वर्ष से फरार चल रहा था। जिसके विरूद्ध विभिन्न थानों में गंभीर अपराध के करीब आधा दर्जन प्रकरण दर्ज है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि पुलिस द्वारा सोशियल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही जिले में अवैध हथियारों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। सोशियल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ फोटो डालने वालों पर विशेष कार्यवाही करते हुये अभी तक जिले में कुल 35 कार्यवाही की जा चुकी है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से सख्ती से पुछताछ कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि यह हथियार कहां से लाये गये थे एवं आगे किसे सप्लाई किये जाने थे। पुलिस का ऐसा मानना है कि सम्भवतया यह हथियार मध्यप्रदेश के धार से लाये गये थे। पुलिस को आने वाले दिनों में मामले में और भी खुलासे होने की उम्मीद है। साथ ही अन्य वारदातों के खुलने का भी अंदेशा है।



**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी)**
**जयपुर महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण**

ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in

क्रमांक- 3715 दिनांक- 26.3.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स रमेश कुमार पुत्र गेहीमल भूखण्ड संख्या डी-20. टर्मिनल मार्केट मुहाना जयपुर को जारी अनुज्ञापत्र संख्या 337 (संयुक्त व्यापारी) के मालिक श्री रमेश कुमार मूलवानी पुत्र श्री गेहीमल का दिनांक 05.10.2024 को स्वर्गवास उपरान्त फर्म में वारिस के रूप में श्रीमती रेखा देवी मूलवानी पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार मूलवानी को दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः स्व0 श्री रमेश कुमार मूलवानी पुत्र श्री गेहीमल मालिक मैसर्स रमेश कुमार पुत्र गेहीमल भूखण्ड संख्या डी-20. टर्मिनल मार्केट मुहाना अनुज्ञापत्र संख्या 337 (संयुक्त व्यापारी) के स्वर्गवास उपरान्त श्रीमती रेखा देवी मूलवानी पत्नी स्व. श्री रमेश कुमार मूलवानी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर आवेदनकर्ता का नाम भूखण्ड संख्या डी- 20. अनुज्ञापत्र संख्या 337 (संयुक्त व्यापारी) एवं उससे सम्बन्धित रेकार्ड में मालिक के रूप में दर्ज करने पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में 15 दिवस में प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सचिव
कृ.उ.म.स. (फ.स.) जयपुर

**कार्यालय- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी,**
**राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email:-, msdbhchuru@gmail.com Phone -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/1777 दिनांक- 26/03/25

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय/कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं / अधिकृत फर्मों / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलनें की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस/समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.स. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
| --- | --- | --- |
| 1 | कम्प्युटर डैस्कटॉप सेट क्रय | MHS2425GLRC05745 |

4469/2025

सदस्य सचिव ( RMRS )
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

## हैदराबाद राजभवन में प्रवासियों ने मनाया राजस्थान दिवस



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान दिवस पर राजस्थान के प्रवासियों को तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णू देव वर्मा ने राजभवन बुलाकर नायाब तोहफा दिया और राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राजस्थानी भोज दिया। इस दौरान तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में राजस्थान की झलक नजर आईं। इस अवसर पर लक्ष्मणगढ निवासी हैदराबाद प्रवासी उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी महेश बागड़ी, शीला बागड़ी झुंझुनूं निवासी हैदराबाद प्रवासी इन्द्रपाल धुपिया, सुलोचना धुपिया, पाटोदा निवासी हैदराबाद प्रवासी विकास शर्मा, झुंझुनूं निवासी हैदराबाद प्रवासी गौरव सैनी प्रियंका सैनी, आनंद शर्मा, सौरभ सहित प्रवासी राजस्थानी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजभवन में रविवार को राजस्थान दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं प्रवासी राजस्थानी वेशभूषा में राजभवन में नजर आए।

## लोक सेवा ज्ञान मंदिर ने नव संवत्सर का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर रघुनाथ मंदिर में महंत अशोक दास के सानिध्य में 1100 दीपकों से रोशनी कर दीपोत्सव का विशाल आयोजन किया गया। दीपोत्सव के इस आयोजन ने श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उल्लास का संचार किया। वही रविवार सुबह प्रभु राम की भव्य रंगोली सजाई गई। ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं व नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों में भगवा ध्वज लहराकर, दीपक जलाकर और मंदिरों में भगवान के दर्शन कर नववर्ष का स्वागत करें। कार्यक्रम में मंदिर महंत अशोक दास महाराज, ट्रस्ट संरक्षक सुभाष जोशी, रामनिवास शर्मा, प्रकाश पासोरिया, दीनदयाल जोशी, अनंतराम सेन, गिरधारी लाल जाजोदिया, अध्यक्ष गुरुजी श्याम सुंदर शर्मा, प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी कमल कुमावत, सुनील कुमार माली, रमेश छिंछासवाला, लोकित दईया, रोहित दईया, अमित सोनी, हर्ष मुरारका, सुनील शर्मा, रामपाल कुमावत, महेश कुमावत, सुरेंद्र भंडार, रतन सिंह बगड़ी, पार्षद विष्णु शर्मा सहित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व नगर के व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्यालोदडा में हिंदू नववर्ष स्नेह मिलन समारोह को विचार-विमर्श



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)** पाटन के निकटवर्ती स्यालोदड़ा गांव में अखिल भारतीय आदिवासी समाज, आदिवासी समाज सीकर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हजारी लाल देहरान ने की। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में खासतौर पर हिंदू नववर्ष स्नेह मिलन समारोह के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। समाज के व्यक्तियों ने इन कुरीतियों के खिलाफ मिलकर काम करने की आवश्यकता को महसूस किया। बैठक में कोषाध्यक्ष दाताराम, संरक्षक मदनलाल, सचिव राजेन्द्र, गुलाब सिंह, रिकू, सतपाल, रामसिंह, हवासिंह, दीपक, संदीप, बलबीर, अमर सिंह (मंत्री), अजय कुमार, संजय , हरिसिंह, ज्ञानीराम, धर्मेंद्र कुमार, भूपसिंह, महेन्द्र सिंह, मोहर सिंह, अजय कुमार , चीकू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। यह बैठक आदिवासी समाज के विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई।

## युवाओं से रोजगार छीन रही डबल इंजन सरकार- रावत

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निसं.)**आगामी 02 अप्रैल को राजधानी जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान युवा कांग्रेस के कार्यक्रम भव्य रोजगार मेले में व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन को लेकर प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनियां, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीन्द्र मूंड व यशवीर शुरा के निर्देशानुसार आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत को भी शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त रोजगार मेले में बेरोजगार युवाओं को हाथों हाथ बड़ी कम्पनियों के नियुक्ति पत्र दिये जायेगें। उक्त मेला राजधानी जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इन्टरनेशनलसैंटर में आयोजित होगा। जिसमें 100 से ज्यादा बड़ी कम्पनियां शामिल होगी। मेले में कक्षा 10 वीं, 12 वीं, यूजी व पीजी तक के बेरोजगार युवाओं को मौके पर ही पंजीयन के बाद साक्षात्कार के आधार पर भर्ती दी जायेगी। प्रथम चरण में करीब 02 हजार युवाओं को मौके पर ही रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद सम्भाग व विधानसभा स्तर पर भी मेले का आयोजन होगा। युकां के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत ने बताया कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन उक्त डबल इंजन सरकार द्वारा रोजगार देने की बजाय आमजन से रोजगार छीने जा रहे है।

# चैत्र नवरात्रि का पहला दिन: दो शुभ मुहूर्त में हुई घट स्थापना, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



मण्डावा।



तारानगर।



सरदारशहर



मण्डावा।



मण्डावा।



रतनगढ़

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** चैत्र नवरात्रि की शुरुआत रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने शुभ मुहूर्त में घरों और मंदिरों में घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। मण्डावा और आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल रहा। सुभाष चौक स्थित मां दुर्गा मंदिर, सहित विभिन्न मन्दिरों में विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। कई मंदिरों में रामायण पाठ का आयोजन हुआ। श्री रघुनाथ मन्दिर मण्डावा के महंत पवनदास महाराज ने बताया कि इस बार घटस्थापना के दो शुभ मुहूर्त थे। पहला मुहूर्त सुबह 6.13 से 10.22 बजे तक रहा। दूसरा अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.01 से 12.50 बजे तक था। इस वर्ष नवरात्रि 9 की बजाय 8 दिन की होगी। हिंदू नव वर्ष 2082 के स्वागत में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने चौराहों पर लोगों को तिलक लगाया। भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शहर के प्रमुख स्थानों पर पहुंचे। लोगों को तिलक लगाकर नव वर्ष की बधाई दी।

**मण्डावा।** मण्डावा स्थित होटल हेरिटेज में रविवार को चैत्र नव संवत्सर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। आरम्भ में संघनिष्ठ व भाजपा नेता सज्जनलाल शर्मा ने इष्टदेव गोविन्द देव जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व वैद्धिक मंत्रोच्चारण कर इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को तिलकार्जन कर और देशी धी के लडडू खिलाकर नव वर्ष की बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस मौके पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक कहा कि 1 जनवरी को नव वर्ष मानने की परंपरा अब कमजोर पड़ रही है और हमें इसी नववर्ष को पूरे उत्साह और गर्व के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने नव संवत्सर, चेटीचंड और नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है और इसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। पारीक ने कहा कि यह परंपरा हमें अपनी संस्कृति से जोड़ती है और समाज में आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ावा देती है। आज का दिन भारतीय इतिहास और संस्कृति के लिए बेहद खास है. संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्मदिवस, विक्रम संवत का प्रारंभ और ब्रह्मा की ओर से सृष्टि की रचना इसी दिन हुई थी। भाजपा नेता सज्जनलाल शर्मा ने आह्वान किया कि हमें मिलकर अपने नगर मण्डावा को स्वच्छ, सुंदर और श्रेष्ठ बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वे देश और प्रदेश को सर्वोच्च स्थान पर ले जाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। हम सभी को उनके प्रयासों में सहभागी बनकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी, कोलकाता प्रवासी शंकरलाल सुरोलिया, श्रीकांत जोशी, एसपी लाहोरा, महिपाल मील, रघुवीर जोशी, विद्याधर सैनी, रवि बारी, प्रदीप कुमार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

**तारानगर।** भारतीय हिन्दू नववर्ष व रामनवमी शोभायात्रा को लेकर रविवार को रामनवमी शोभायात्रा समिति ने तारानगर में अहिंसा द्वार के पास धर्म ध्वजा स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया। यह ध्वजा 6 अप्रैल को रामनवमी शोभायात्रा निकाले जाने तक स्थापित रहेगी। धर्म ध्वजा स्थापना से पहले रामनवमी शोभायात्रा समिति के सदस्य गढ़ के आगे एकत्रित हुए और यहां से डीजे के साथ ध्वज लेकर गढ़ कार्यालय से मुख्य बाजार होते हुए राजगढ़ रोड स्थित अहिंसा द्वार तक जुलूस के साथ पहुचे। रास्ते में जगह जगह पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। संयोजक अरुण कुमार, अनूप खंडेलवाल ने कहा 6 तारीख को शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई शोभायात्रा यात्रा में समिति संयोजक अरुण कुमार, अनूप खण्डेलवाल, नरेश हरि इन्दोरिया, रोहित सहित समिति सदस्य साथ रहे। जुलूस के साथ शांति व्यवस्था को लेकर थानाधिकारी गौरव खिडिया जाप्ते के साथ रहे।

**सरदारशहर** शहर में श्री राम नवमी के अवसर पर शहर में आयोजित होने वाली भव्य श्री रामनवमी शोभा यात्रा के लिए श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से रविवार को आथुणा बाजार में साफा वितरण कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ प्रभु श्रीरामलला की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर डॉ बनवारी लाल शर्मा, मोहनलाल सेवदा और समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया की ओर से फीता खोलकर व भगवान श्री राम के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर साफा वितरण केंद्र व कार्यालय का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा संयोजक सुरेश वर्मा ने बताया कि श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर सभी राम भक्तों में शोभायात्रा को लेकर अपार उत्साह है। समिति के कार्यकर्ताओं की ओर से अपनी बस्ती में बैठकों का आयोजन कर शोभायात्रा के प्रचार प्रसार के लिए संपर्क टोलियों का निर्माण कर लिया गया है। शोभायात्रा की व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए नववर्ष के अवसर पर साफा वितरण केंद्र और कार्यालय प्रारंभ हो गया है। शोभायात्रा में सम्मिलित होने वाले रामभक्त कार्यालय से सशुल्क अपना साफा प्राप्त कर सकेंगे। हर वर्ष की भांति पुरुष और युवतियां भगवा साफा और सफेद कुर्ता पजामा या पारम्परिक राजस्थानी धोती में और मातृशक्ति इस बार चुनरी की धोती में शोभायात्रा में सम्मिलित हो ऐसा समिति का सभी रामभक्तों से आग्रह है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया ने बताया कि समिति की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के पंचांग का विमोचन अग्रसेन भवन में किया जाएगा। जिसका वितरण नगर की सभी बस्तियों में प्रचार प्रसार करने वाले कार्यकर्ताओं की सम्पर्क टोलियों की ओर से किया जाएगा। कार्यालय उद्धघाटन के अवसर पर छगनलाल सेवदा, सिद्धार्थ चिंडालिया, शिवप्रसाद सोनी, राजेश पारीक, लालबहादुर सेवदा, दीपक बैद, शोभाकांत स्वामी, सुरेश वर्मा, सुभाष सोनगरा, जयश्री वर्मा, विनिता शर्मा, बबिता सोनी, कविता, राकेश इन्दोरिया, पवन सैनी, पवन पौदार, मुरलीधर सैनी, शिवदयाल पारीक, संदीप शर्मा, ईश्वर स्वामी, मुकेश सैनी, नरेन्द्र सेवदा, अंजनी नाथोलिया, सतीश मूंधड़ा, अभिलाषा चौहान, नवदीप पारीक, रामसिंह शेखावत, मनोज दर्जी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**मण्डावा।** भारतीय नववर्ष संवत्सर 2082 के स्वागत को लेकर श्री युवक सभा आदर्श मंदिर के तत्वाधान में नववर्ष की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव व रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। वार्ड दो स्थित ब्रह्म बगीची शिव मंदिर में व्यवस्थापक जितेंद्र सुरोलिया के सानिध्य में दीपोत्सव का कार्यक्रम किया गया जिसमें बच्चों और लोगों ने 2100 दीप प्रज्वलित कर मंदिर को रोशन कर दिया। मंदिर प्रांगण में बहिनों ने रंगोली सजाकर नववर्ष संवत्सर 2082 का स्वागत किया। इस अवसर पर मनीषा सैनी, संदीप शर्मा, ममता यादव,सत्यनारायण शर्मा ममता मोर्य, कैलाश पीपलवा, ममता मिश्रा, मोना शर्मा, सुमन प्रजापत, कुंदन सिंह, राकेश कुमार, रक्षा, लक्ष्मी, मधु सैनी, जितेंद्र सुरोलिया, बनवारी कुमावत, अमित बुढ़ानिया, मुकेश बागड़ी, मुकेश लुहार,राजेंद्र ठेकेदार, चंद बिहारी गुर्जर सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया।

**मण्डावा।** चैत्र मास में मनाए जाने वाले चैत्र नवरात्रे रविवार को पूर्ण भक्ति, श्रद्धा के साथ धुमधाम के साथ शुरू किए गए।नवरात्रो को लेकर घर घर में घट स्थापना की गई। नवरात्रों के पहले दिन दुर्गा मंदिरो में दर्शनो को लेकर भक्तो का तांता लगा रहा। मंदिरो में आर्कषण सजावट कर दरबार सजाया गया। गुरूकृपा भवन में पं आलोक महर्षी के सानिध्य में मुख्य यजमान संजय परिहार, सुलोचना देवी परिहार,सोनम परिहार, कार्तिक परिहार, नितिन परिहार, विकास परिहार ने विधिपुर्वक गायत्री पाठ के साथ देवी के मंत्रो और सुंदरकांड पाठ का पठन किया गया। मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित दुर्गा मंदिर, सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर, शिवालय के पास स्थित दुर्गा मंदिरो में पुजा पाठ का दिनभर दौर जारी रहा। भक्तो ने माता देवी की उपासन करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।

**रतनगढ़** हिंदू नवसंत्सवर के आगमन पर रविवार को सनातनी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से भगवा रैली निकाली गई। शाम साढ़े चार बजे श्रीतालवाले बालाजी मंदिर से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए देर शाम श्रीतालवाले बालाजी मंदिर पहुंची। रैली में राम दरबार की झांकी भी सजाई गई। रैली में युवा भक्ति गीतों व जोशिले नारों पर नाचते-गाते व झूमते हुए चल रहे थे। भगवा रैली का कई जगहों पर पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। रैली बस स्टैंड सर्किल, अशोक स्तंभ, हनुमान पुस्तकालय, गढ़ चौराहा, मेहंदीपुर बालाजी व शीतला रोड़ होते हुए श्रीतालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण पहुंची। शहर के कई स्थानों पर विभिन्न संगठनों व व्यापारियों ने रैली का स्वागत किया और पेय पदार्थ पिलाया। रैली में शामिल युवाओं ने लगभग तीन किलोमीटर का सफर पूरा किया तथा रैली में सैकड़ों की संख्या में युवक-युवतियां शामिल हुई, जिनमें से कुछ युवा अपने वाहनों पर, तो कुछ लोग पैदल चल रहे थे। रैली को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहे। डीवाईएसपी अनिल कुमार, सीआई दिलीपसिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस जाप्ता रैली के साथ चल रहा था। भगवा रैली को लेकर शहर में कई स्थानों पर स्वागत द्वार भी बनाए गए हैं। रैली में देवादास महाराज, सुखनाथ महाराज, साध्वी हेमलता बाई, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, कांग्रेस नेता अरविंद चाकलान, भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया सहित काफी संख्या में साधु-संत व आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर लावरेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)।** राजस्थान दिवस पर लावरेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया। राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग की ओर से जिले के लावरेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंत्रोच्चारण और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया, जिसमें प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, स्काउट-गाइड सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### धार्मिक अनुष्ठान में आध्यात्मिक माहौल

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान लावरेश्वर महादेव मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से प्रदेश की उन्नति और समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र चौधरी, डीईओ कमलेश कुमार तेतरवाल, जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह, स्काउट सीओ महेश कलावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। स्काउट-गाइड के सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे और उन्होंने आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### नई ऊर्जा और आध्यात्मिकता का संचार

राजस्थान दिवस पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने प्रदेशवासियों में नई ऊर्जा और आध्यात्मिकता का संचार किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को और अधिक सशक्त करने का प्रयास किया गया।

## शेखावाटी विविः 'प्रत्युषा 2025' में झलकी शेखावाटी कला और संस्कृति

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'प्रत्युषा 2025' का रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में शेखावाटी की समृद्ध कला, साहित्य और संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### संगोष्ठी में शिक्षा, संस्कृति और धरोहर पर मंथन

राजस्थान दिवस के अवसर पर 'राज्य की शिक्षा, संस्कृति और धरोहर सतत विकास का आधार' विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता पद्मश्री लक्ष्मण सिंह लापोडिया और पद्मश्री हिम्मताराम भांभू ने जल, जंगल और जमीन को बचाने का संदेश दिया। विवि के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने अध्यक्षता की और सतत विकास के लिए घरेलू स्तर पर पहल करने की आवश्यकता बताई। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, प्रो. राजेश दुबे, पत्रकार रवि पाराशर सहित कई शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए। स्मार्ट विलेज निर्माण पर आयोजित ग्रामीण चौपाल में प्राप्त सुझावों को राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में पुस्तक मेला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, शहीद चित्रण प्रदर्शनी, फूड स्टॉल्स, 'दृष्टि' फोटो प्रतियोगिता, गायन-नृत्य, पेंटिंग, क्विज और संभाषण कौशल प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहे। पूर्व छात्र सम्मेलन में विवि की एलुमिनाई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा हुई और पुरानी यादों को साझा किया गया। राजस्थान दिवस पर जिला प्रशासन और पीडीएस यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों का सम्मान

तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव श्वेता यादव, निदेशक (अकादमिक) डॉ. राजेंद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु, आईटी निदेशक पंकज मील समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाया जाना गौरवशाली

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाए जाने का निर्णय राजस्थान के सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में एक बहुत महत्वपूर्ण क़दम है। सीएम शर्मा का यह निर्णय समाज, संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करने वाला है। प्रदेश की सनातन परंपरा से जुड़े हुए साधु-संतों ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से लिए गए इस निर्णय की प्रशंसा की है। उन्होंने इसे सनातन संस्कृति को मज़बूत करने की दिशा में एक प्रभावी क़दम बताया है। सालासर के मांगीलाल पुजारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि यह सनातन संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करने का निर्णय है। उन्होंने इस अभूतपूर्व निर्णय से जनभावना के सम्मान के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

## वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सनराईज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पूरणमल चौधरी की अध्यक्षता में तारानगर की जयपुर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह है बड़ी धूमधाम से मनाया गया। थानाधिकारी गौरव खिड़िया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य धर्मपाल खोथ ने अतिथियों का साफा, माला व मोमेंटो से स्वागत किया और अतिथियों व अभिभाकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के नन्हे नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियाँ दी। शिक्षा व खेलकूद में उत्कृष्ट रहने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूरण चौधरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय दें। चौधरी ने स्टाफ को उनकी निष्ठा एवं समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरमेन प्रियंका बानो, इमिलाल प्रजापत, ओपी अग्रवाल, पवन प्रजापत, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

## नील गाय आने से हादसा, तीन घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोलासर गांव के पास रविवार दोपहर सड़क पर अचानक नील गाय आने से मोटरसाइकिल सवार पति, पत्नि और पुत्र घायल हो गए। तीनों को सुजानगढ़ अस्पताल लाया गया और इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। घायल खेताराम, पत्नी सोना, एक साल का पुत्र करण सभी निवासी हेमासर अगुणा इस हादसे में घायल हो गए।

## खेत में बनी ढ़ाणी में आग लगी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती सुनारों की प्याउ से गांव गोपालपुरा की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित खेत में बनी ढ़ाणी में गत रात्रि को आग लग गई, जिससे किसान को काफी नुकसान हुआ। अज्ञात कारणों से लगी आग के बारे में सदर पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में नरेंद्र चौहान, निवासी नलिया बास ने बताया है कि हमारा संयुक्त खातेदारी का खेत है, जिसमें हमारी रहवासी ढ़ाणी बनी हुई है। शनिवार देर रात तो मेरे खेत पड़ोस जगदेव नाथ का फोन आया कि आपकी ढ़ाणी में आग लगी है, जिस पर हम लोग मौके पर गए और आग को जैसे-तैसे कर काबू पाया। नरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि आग से छान, कमरों का गेट, चारपाई, 60 मण चारा, बैटरियां, घरेलू सामान आदि जलकर राख हो गया। रात को सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस ने भी मौका मुआयना किया। दूसरी ओर मौके पर बने दो कमरों की पट्टियां टूटकर गिरने का खतरा भी बढ़ गया है।

## पाईप लाईन डलवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कॉमरेड जगदीश नाथ ने चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को एक ज्ञापन सौंपकर सुनारों की प्याउ तक पाईप लाईन पूरी डलवाकर पेयजल समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि गोपालपुरा से सुनारों की प्याउ तक खेतों में लोग रहते हैं, लेकिन सुनारों की प्याउ तक पाईप लाईन नहीं होने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः सुनारों की प्याउ तक पेयजल की पाईप लाईन डाली जाकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। पाईप लाईन डलने से खेतों में पशुपालन का कार्य भी सुगम होगा।

## विभिन्न विद्यालयों को किए टेबलेट वितरित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय नागरिक परिषद उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की ओर से विभिन्न विद्यालयों को टेबलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का समय है। वही व्यक्ति आगे बढ़ता है जो समय के साथ चलते हुए स्वयं को अपडेट रखे व नवाचार करता रहे। समन्वयक जयसिंह ने कहा कि इन टेबलेट के माध्यम से शिक्षक व विद्यार्थी नई तकनीक के साथ अध्ययन व अध्यापन करेंगे। यह प्रयोग सफल होने पर अन्य विद्यालयों में टेबलेट वितरित किए जाएंगे। सुजानगढ़ समन्वयक मनोज सोलंकी ने सुप्रीम फाउंडेशन के स्वयंसेवको को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की जानकारी दी। इस कार्य के लिए लाभान्वित विद्यालयों के शिक्षक व स्वयंसेवको ने सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य ट्रस्टी बजरंग लाल तापड़िया व महावीर प्रसाद तापड़िया का आभार व्यक्त किया।

# गणगौर पर्व पर निभाई मेहंदी की रस्म

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में गणगौर पर्व बड़ी उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है गणगौर का पर्व अभी अब अंतिम चरण में पहुंच रहा है। 1 अप्रैल को गणगौर का विसर्जन कर दिया जाएगा। यानी गणगौर अपने ससुराल चली जाएगी। लेकिन इससे पहले बदलते वक्त और आधुनिक युग के साथ गणगौर पूजन में वह सभी रस्में निभाई जा रही है जो एक शादी में निभाई जाती है। सरदारशहर के वार्ड 16 में गणगौर पूजन कर रही नवविवाहिता हिमानी चौधरी, विनीता शर्मा, प्रीति जांगिड़ एक साथ मिलकर अपनी सहेलियों के साथ गणगौर पूजन कर रही है। यहां सगाई से लेकर हल्दी मेहंदी सहित वह तमाम रस्में निभाई जा रही हैं जो एक शादी में निभाई जाती है। जिस दिन जो रस्म निभाई जाती है उसी दिन उसी कलर के कपड़े भी पहनने का चलन अब बढ़ता जा रहा है। शनिवार रात्रि 10 बजे मेहंदी की रस्म को निभाया गया। इस अवसर पर हिमानी चौधरी ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नवविवाहिता शादी के बाद पहली गणगौर अपने पीहर में पूजती है और विधि विधान से शिव और पार्वती के रूप में गणगौर और ईशर की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे गणगौर अंतिम चरण में पहुंच रही है वैसे-वैसे अब दुख भी हो रहा है। क्योंकि हमें अपनी सहेलियों से बिछड़कर ससुराल जाना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रीति जांगिड़ ने बताया कि हमने होलिका दहन के दूसरे दिन ही होलिका दहन की राख से पिंड बनाकर गणगौर पूजन शुरू कर दिया था और शीतला अष्टमी के दिन कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर गणगौर बनाकर गणगौर पूजा की जा रही है। प्रतिदिन घर-घर जाकर गणगौर के बिंदोरे निकाले जा रहे हैं। रात में सभी महिलाएं युवतियां और नवविवाहिता मिलकर राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य करती है। इस अवसर पर आरती राजपूत, खुशबू प्रजापत, संतोष राजपूत, दीपिका प्रजापत, मीनू राजपूत, ममता प्रजापत, पूनम प्रजापत, सुहानी चौधरी, आरुषि जांगिड़, आरती जांगिड़, वंशिका चौधरी, निकिता जांगिड़ आदि गणगौर माता की पूजा में जुटी हुई है।

## जरूरतमंद परिवार को वीर तेजाजी मंदिर निर्माण समिति ने किया सहयोग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** हर समाज में ऐसे कई लोग होते हैं जो आर्थिक तंगी के चलते अपनी बेटे-बेटियों की शादी करने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। लेकिन ऐसे लोगों की मदद के लिए हर समाज के व्यक्ति को आगे आना चाहिए। क्योंकि थोड़े से सहयोग से ही बेटी के पिता का मनोबल बढ़ता है। बेटी की शादी भी धूमधाम से हो जाती है। यह दुनिया का सबसे बड़ा सौभाग्यशाली व धार्मिक कार्य है। यह बात आरएलपी तहसील अध्यक्ष से सांवरमल जाखड़ ने कहीं। दरअसल वीर तेजाजी मंदिर के पास रहने वाले एमपी मजदूर रामलाल की बेटी की शादी अगले सप्ताह होनी है। आर्थिक रूप से कमजोर रामलाल को बिटिया की शादी के लिए सांवरमल जाखड़ ने आर्थिक मदद उपलब्ध करवाते हुए शादी के लिए उसके माता-पिता को बिटिया की शादी के लिए न केवल नगद राशि 21 हजार का सहयोग देकर बर्तन, साड़ी, दूल्हे के कपड़े सहित अन्य सामान भेंट किया। हनुमान पारीक की ओर से दुल्हन के कपड़े, पांच सौ रूपये, ओमप्रकाश खाती, राकेश चौधरी, रामपाल चौधरी, मनोज प्रजापत, लक्ष्मी नारायण जाट, शंकरलाल कड़वासरा ने भी बेटी की शादी में सहयोग किया। इस अवसर पर वीर तेजाजी मंदिर निर्माण समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## मोदी के मन की बात का 120 वा संस्करण सुना



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 120वें संस्करण का लाईव प्रसारण सुना। ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला ने बताया कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों को चेत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आज के दिन को बेहद पावन दिन बताया। प्रधानमंत्री ने भारतीय नववर्ष व गुड़ी पाड़वा की भी शुभकामनाएं दी। मन की बात में प्रधानमंत्री ने माय भारत कैलेंडर, गर्मियों की छुटिटयां, जल संरक्षण, आगामी आने वाले योग दिवस, महुवा के फुलों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर महेश सैनी, विष्णु लुहानीवाल, देवव्रत बागड़ी, भीमराज प्रजापत, गोविंद खठौड़, बाबूलाल बागड़ी, गौरीशंकर प्रजापत, जमनाराम खठौड़, ओमप्रकाश भोड़ीवाल, मनोज जाखड़, मनोज खठौड़, ओमप्रकाश महर्षि, दिलीप प्रजापत, प्रदीप सैनी, विकास सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डाबला स्टेशन पर टनकपुर- दौराई एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग

जयपुर टाइम्स




**नीमकाथाना/ पाटन(निंस)।** डाबला रेलवे स्टेशन पर टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने रेलमंत्री से आग्रह किया है। डाबला क्षेत्र एक आबादी वाला क्षेत्र है, जिसके चारों ओर आठ-दस ग्राम पंचायतें स्थित हैं। इस क्षेत्र से हजारों लोग रोज़ाना विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हैं, जिनमें शिक्षक, पुलिसकर्मी, व्यापारी, मजदूर और परीक्षार्थी शामिल हैं। हालांकि, इस ट्रेन का डाबला स्टेशन पर ठहराव नहीं होने के कारण इन यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस ट्रेन का डाबला स्टेशन पर ठहराव न होने के कारण, लोग अन्य ट्रेन से यात्रा करने को मजबूर होते हैं, जिससे समय की बर्बादी होती है और यात्रा की लागत भी बढ़ जाती है। समाजसेवियों ने रेलमंत्री से निवेदन किया है कि इस ट्रेन का ठहराव डाबला स्टेशन पर किया जाए, ताकि क्षेत्र के यात्रियों को राहत मिल सके और उनकी यात्रा में कोई परेशानी न हो। ज्ञापन देने वालों में नरेंद्र सैनी (युवा नेता), दीनदयाल सैनी, बाबूलाल, दीपक सैनी, नीकु शर्मा, बुपेश सिंह, और नीरज यादव जैसे प्रमुख लोग शामिल हैं। स्थानीय निवासियों और समाजसेवियों की यह अपील है कि जल्द से जल्द उनकी इस मांग पर ध्यान दिया जाए।

## भीम आर्मी मंडावा तहसील कार्यकारणी का विस्तार

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की मंडावा तहसील कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष विकास आल्हा व प्रदेश संयोजक जितेंद्र हटवाल की निर्देशानुसार मंडावा तहसील अध्यक्ष अजय वर्मा की ओर से अशोक किलानिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नुआ, संदीप किलानिया ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष नुआ व सचिन किलानिया ग्रामीण मंडल सचिव नुआ को मनोनीत किया गया है। वही मंडावा तहसील से संदीप धीरज को तहसील उपाध्यक्ष, कृष्ण झाझडिया को तहसील सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष अजय वर्मा ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले व भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के पद चिन्हों पर चलते हुए संगठन में सक्रिय रहते हुए काम करने की सलाह दी है।

## सर्वसमाज के होली स्नेह मिलन में उमडी भीड, उडा गुलाल



जयपुर टाइम्स

**खेतडी(निस)।** खेतड़ी के भोपालगढ़ रोड स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में शनिवार को सर्व समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भामाशाह मनोज घुमरिया मुख्य अतिथि रहे। नांगल चौधरी विधायक पुत्र अभय सिंह, करनीसेना जिला अध्यक्ष सुरेंद्र फौजी, बलबीर छापोला, शंकर सिंह सेफरागुवार, कंवर सिंह, लक्ष्मी नारायण मीणा, हरि सिंह मीणा, सांवरमल सैनी, सीताराम, मोहर सिंह, राजेश वकील, शिवपाल सैनी, जगदीश मेघवाल, कर्मवीर शेखावत, नरपाल त्योंदा, हजारी लाल, शौकत, राजेश, शिवराम सैनी, झाबरमल सैनी, शहजाद, नरेश, ईश्वर यादव, सीताराम मीणा, बाबूलाल सैनी, गोकुल, महावीर, ओम प्रकाश जाट विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हनुमान जाखड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार घुमरिया ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हर रंग का अपना महत्व होता है। प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध विचारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। देश की प्रगति में सभी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से समाज का विकास होता है। ज्ञान का आदान-प्रदान समाज को आगे बढ़ाता है। भारत में विभिन्न धर्मों के लोग अपने त्योहार अपनी मान्यताओं के अनुसार मनाते हैं। सभी को एकजुट होकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। भाईचारे से ही अमन-चैन और खुशहाली कायम रह सकती है। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। लोक गायक हिरालाल अवाना एंड पार्टी के हीरालाल अवाना, मीनु अवाना, निकिता शर्मा, रितु शर्मा व सुरेश आर्य एण्डी पार्टी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर नागरमल सैनी, सुरेश सरपंच, गोकुलचन्दव मेहरडा, ओमप्रकाश सैनी, आनंद जयदिया, राजेश ,जगदीश, पप्पू सैनी, मक्खन लाल, दलीप सिंह, भगवान सिंह समेत कई नागरिक मौजूद रहे।

## डाबला स्टेशन पर टनकपुर- दौराई एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग

**नीमकाथाना/पाटन(निंस)।** डाबला रेलवे स्टेशन पर टनकपुर-दौराई एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने रेलमंत्री से निवेदन किया है। डाबला क्षेत्र एक आबादी वाला क्षेत्र है, जिसके चारों ओर आठ-दस ग्राम पंचायतें स्थित हैं। इस क्षेत्र से हजारों लोग रोज़ाना विभिन्न स्थानों की यात्रा करते हैं, जिनमें शिक्षक, पुलिसकर्मी, व्यापारी, मजदूर और परीक्षार्थी शामिल हैं।

## मारपीट कर रूपए का बैग छीनने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस थाने में राजकुमार भरतिया पुत्र शिव भगवान भरतिया, निवासी दुलिया बास ने मुकदमा दर्ज करवाकर पुलिस को बताया है कि गत रात्रि को मैं और मेरा लड़का अपनी दुकान मंगळ करके आ रहे थे। हम लोग नुक्कड़ पर मुड़े तो वहां पर 20-25 लड़के थे, जिन्होंने मुझसे अभद्र व्यवहार किया और हाथापाई और मारपीट की और बैग नकदी बैग छीनकर ले गए, जिसमें करीब 22 हजार रूपए थे। प्रार्थी ने एक आरोपी का नाम सुरेंद्र मिरासी बताया है।

## फोगां में नो दिवसीय श्री राम कथा, कलश यात्रा में उमड़ा सैलाब



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव फोगां में नौ दिवसीय राम कथा आयोजन किया जा रहा है। समस्त ग्रामीणों के सहयोग से कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक श्रीसंत राम दास महाराज रावतसर मुलुक पीठाधीश्वर, राजेंद्र दास महाराज के शिष्य की ओर से कथा 30 मार्च से 7 अप्रैल तक दुर्गामाता मंदिर में किया जा रहा है। श्री करणी और नंदी गौशाला संस्थान करणी माता का मंदिर से कलश यात्रा कथा स्थल तक निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारणकर भजन कीर्तन करते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा में यजमान संतोष कुमार, केसर देव, माल सिंह, अर्जुन सिंह रहें। इस अवसर पर सादुलाराम, पदम सिंह, नानू सिंह, चंदनमल, ओम गिरी, शिवप्रसाद पारीक, गोविंद प्रसाद भाट, मुरलीधर, बंशीधर, प्रहलाद राम, विद्याधर, शिव प्रसाद, देवकीनंदन, श्रवण कुमार, हंसराज पुरोहित सहित बड़ी संख्या में कलश यात्रा में महिलाओं ने भाग लिया।

## एशियाई खेलों में रचा ममता रैगर ने इतिहास

### उपकप्तानी में भारतीय पैरा थ्रोबॉल टीम ने कंबोडिया में जीता कांस्य पदक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर की ममता रैगर ने खेल जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी उपकप्तानी में भारतीय पैरा थ्रोबॉल टीम ने पहली एशियन पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया है। कंबोडिया की राजधानी फ्नोम पेन्ह में 28 से 30 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। वार्ड 50 की रहने वाली ममता की इस उपलब्धि पर स्थानीय पार्षद राकेश जगरवाल ने बधाई दी है। यह पहली बार है जब भारतीय पैरा थ्रोबॉल टीम ने एशियाई स्तर पर पदक जीता है। इस जीत से न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश का नाम रोशन हुआ है। ममता की यह सफलता अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

## भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा सर्वश्रेष्ठ शाखा से सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारत विकास परिषद राजस्थान-उत्तर पूर्व प्रांत के प्रांतीय परिषद की वार्षिक बैठक जयपुर के रीजन भवन में रविवार को हुई। प्रांतीय अध्यक्ष आरएस सक्सेना, महासचिव रणवीरसिंह त्यागी, सचिव हेमंत जोशी, अनिरूद्ध साहनी, राकेश गुप्ता की उपस्थिति में स्थानीय शाखा को सर्वश्रेष्ठ शाखा के सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रांतीय पदाधिकारियों की ओर से दिए गए सम्मान को प्रांतीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान, शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर, सचिव परमेश्वरलाल आत्रेय, महिला संयोजिका मंजुला चाकलान ने लिया। सर्वश्रेष्ठ शाखा सम्मान के साथ ही सदस्यता वृद्धि के लिए उत्तम शाखा का भी सम्मान प्रदान किया गया। टेलर ने बताया कि सत्र 2024-24 स्थानीय शाखा के लिए स्वर्णिम रहा है। प्रांतीय परिषद के साथ-साथ जिला प्रशासन व विभिन्न संगठनों की ओर से भी संगठन को सम्मानित किया गया है।

## गणगौर पूजन आज, स्नेह मिलन का होगा आयोजन

**मण्डावा(निस)।** मंडावा कस्बे में राजधराने की परंपराओ के तहत सोमवार को गणगौर का पर्व ओर स्नेह मिलन समारोह गढ़ परिसर में 3 बजे से आज मनाया जाएगा। स्नेह मिलन राजधराने की परंपराओ के तहत होगा। महिपाल सिंह तौलियासर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नेह मिलन समारोह में पूर्व प्रतिपक्ष के रहे नेता राजेंद्र राठौड़ भी शामिल होंगे। राजवंशी शिवार्जुन सिंह, अनिरुद्ध सिंह, अगंद देवसिंह बन्ना ने बताया कि गढ़ परिसर में होने वाले गणगौर पर्व पर स्नेह मिलन, राजधराने की परंपराओ के तहत गढ़ परिसर में गौर माता का पूजन ओर गणगौर की शाही सवारी निकाली जाएगी। परिसर में मेले का भी आयोजन होगा।

## राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा देने की मांग




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** मायड़ भाषा संघर्ष समिति ने रविवार को राजस्थान दिवस मनाकर राजस्थानी को राजभाषा का दर्जा देने की मांग की हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखराम सिध्द ने राजस्थानी भाषा की साहित्यिक समृद्धि और संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त किये। संयोजक गोपाल स्वामी ने कहा कि भजनलाल शर्मा सरकार ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस मनाने की नयी परंपरा शुरू की है जो प्रशंसा योग्य हैं। जैसे यह नवीन पहल की है ऐसे ही राज्य सरकार को राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने के बारें में विचार करना चाहिए। राजस्थान सरकार राजस्थानी भाषा को प्रदेश की द्वितीय राजभाषा बनाती है तो राजस्थानी भाषा के संवैधानिक मान्यता प्राप्ति की राह आसान हो जायेगी। राजस्थानी भाषा राजस्थान प्रदेशवासियों की मातृभाषा है। इसका संवर्धन व संरक्षण करना हमारा दायित्व है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी भाषा पराई हो गई। जिससे कि हमारी संस्कृति व पहचान नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई हैं। सह संयोजक विकास सारस्वत ने राजस्थानी भाषा को दुनिया की सबसे समृद्धतम भाषा हैं। इसे मान्यता देने की वकालत करनी चाहिए। इस अवसर पर अजीत सिंह, सियाराम स्वामी, परमेश्वर पारीक, राजूराम शर्मा, लखन लाल, सुभाष मेघवाल, मनस्वी सारण, अशोक पारीक, राजाराम पूनियां, सीताराम शर्मा, अमर सिंह, बाबुलाल, जगदीश प्रसाद सहित अनेक भाषा प्रेमी उपस्थित रहे।

## विप्र महिला मंडल ने मनाया गणगौर पर्व

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विप्र महिला मंडल की ओर से रविवार को चमत्कारेश्वर लक्ष्मी नारायण मंदिर में गणगौर पर्व, राजस्थान दिवस व नव संवत्सर पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गणगौर का पूजन किया और गणगौर के मंगल गीत गाए। इस दौरान नीम की हरी पत्ती और तिलक



कलावा बांधकर सभी को शुभकामनाएं दी और नव वर्ष में अंचल में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पारीक, कोषाध्यक्ष सरला शर्मा, विनीता, सुषमा, मंजू, उषा दयाल, आनंदबाला, उषा चोटिया, अचला शर्मा, दीपिका, अर्चना मिश्रा, सरस्वती लाटा, शशी शर्मा, चंदा बंसिया सहित विप्र महिला मंडल की अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशी - नवम अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को करेंगे सम्मानित : यादव

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पुलिस अधीक्षक जय यादव ने रविवार को पुलिस लाइन सभागार में जिले में 01 से 30 अप्रैल तक आयोजित किए जाने वाले विशेष अभियान 'खुशी-नवम' को लेकर बैठक में पुलिस अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने कहा कि 'खुशी-नवम' विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बच्चों की अधिक से अधिक दस्तयाबी कर गुमशुदगी के प्रकरणों में कमी लाना है। इसलिए अभियान से जुड़े समस्त स्टेक होल्डर्स अधिकतम प्रयासों से अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि गुमशुदा नाबालिग बच्चों



की तलाश एवं पुनर्स्थापना के लिए सर्विलांस सिस्टम का अधिकतम उपयोग करें तथा टीम गठित कर कार्रवाई करें। दर्ज प्रकरणों में संसाधनों के उपयोग से हर संभव जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न ईंट -भट्ठों, हाइवे, होटलों, रेस्टोरेंट, चाय की दुकानों, झुग्गी -झोंपड़ियों आदि में बालश्रम करने वाले बच्चों की स्क्रीनिंग करें तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ें। यह हमारा सामाजिक एवं नैतिक दायित्व भी बनता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान खुशी-नवम में गुमशुदा, भिक्षावृत्ति करने व करवाने वाले, बालश्रम करने वाले, बहरूपिया बनकर व गुमशुदा हुए कचरा बीनने वाले नाबालिग बालकों की तलाश कर पुनर्वास की व्यवस्था कर उनके माता-पिता से मिलवाया जाकर अभियान को सफल बनाएं। अभियान के दौरान अधिक से अधिक मामलों में कार्रवाई करें और निपटाए गए मामलों में क्लोजिंग रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने एएसपी से नियमित मॉनीटरिंग कर रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ कृष्णा सामरिया ने कहा कि अभियान से संबंधित 06 प्रकरणों में दस्तयाबी के लिए सोशल मीडिया आदि का उपयोग लें। सर्विलांस सिस्टम का बेहतरीन उपयोग हो।

## पुलिस अधीक्षक जय यादव ने ली विशेष अभियान 'खुशी-नवम' को लेकर बैठक

उन्होंने अभियान अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों, एसओपी, वात्सल्य पोर्टल, सीडब्ल्यूसी की सहायता आदि के बारे में जानकारी दी। एसआई अल्का ने एसओपी व वात्सल्य पोर्टल पर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान एसआई नंदकिशोर, एएसआई हनुमानसिंह, हिम्मत सिंह, गिरधारीलाल, महेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, सुरेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, तनसुखराम, रामनिवास, रतनलाल, कैलाश चन्द्र, तेजाराम, राजेश कुमार, हैड कांस्टेबल रणवीर सिंह, रावताराम, आरपीएफ से सहायक उप निरीक्षक राजेश चौधरी, सहित चाईल्ड हैल्प लाईन के पदाधिकारी, समस्त एएचटीयू स्टाफ व विभिन्न थानों से बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी: सहारण



## राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित हुई रन फॉर फिट राजस्थान

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान आयोजित की गई। विधायक हरलाल सहारण व एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने जिला खेल स्टेडियम से रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन जिला खेल स्टेडियम से रवाना होकर नेचर पार्क पहुंची। इस मौके पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी हैं। खेल और शारीरिक गतिविधियों से ही हम फिट इंडिया व फिट राजस्थान की थीम को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं मिल रही हैं। प्रदेश सरकार की ओर से राजस्थान दिवस को उत्सव रूप में मनाने के लिए रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन सराहनीय पहल है। हमें अपने को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जोड़कर फिट इंडिया-फिट राजस्थान की थीम को साकार करना है। इस अवसर पर बसंत शर्मा ने कहा कि सरकार की ओर से ऐसे आयोजन सराहनीय है। खेलों से भाईचारा, अपनत्व व सहयोग की भावना का विकास होता है। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, डॉ सुनील मेहरा, डॉ विश्वजीत, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, गोपाल बालाण, सुनील ढाका, हरीश, शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप फगेड़िया, ओमप्रकाश फगेड़िया, सुरेंद्र प्रजापत, राजेश ओझा, मनीष राठौड़, सुनील रक्षक, संदीप मील, नानूराम सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

### राजगढ़ में आयोजित हुई 'रन फॉर फिट राजस्थान

इसी क्रम में जिले के राजगढ़ उपखंड मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन किया गया। सीआई राजेश सिहाग, प्रधानाचार्य हवासिंह, कबड्डी प्रशिक्षक सरस्वती मुंडे ने रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश, सूरजमल सांगवान, हरदयाल सिंह, विजेंद्र, पवन, बलवान, अंतरसिंह, डीएस ढिल्लो, करतार सिंह, कर्मवीर, एथलेटिक्स प्रशिक्षक विजय, रोहिताश, कुश्ती प्रशिक्षक संजीव, जोगेंद्र, कबड्डी प्रशिक्षक सुनील, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चूरू में जल्द मिलेगी न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी चिकित्सकों की सेवाएं



## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू व नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के तत्वाधान में सेमिनार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू व नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार शाम को होटल ग्रांड शेखावाटी में जिले के चिकित्सकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज चूरू के प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी, राजकीय भरतिया अस्पताल के नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी व निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. बी.एल. नायक रहे। प्राचार्य डॉ. पुकार ने बताया कि चूरू मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभाग स्वीकृत हो चुके हैं, इन सभी सुपर स्पेशलिटी की सेवाएं जल्द मेडिकल कॉलेज में मिलने लगेगी, इसके साथ ही भविष्य में कार्डियोलॉजी की कैथ लैब की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीबी अस्पताल चिकित्सक मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं दे रहे हैं, जिसके कारण रेफरल केश में कमी आई है। प्रतापगढ़ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने चिकित्सकों के मेडिको लीगल विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन भाकल ने एंडोस्कोपिक, न्यूरोसर्जरी व पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. शुभम शर्मा ने फेफड़ों से संबंधित गंभीर मरीजों के उपचार के संबंधित जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. श्यामसुखा, डॉ. बी.के.चौधरी, डॉ. मुमताज, डॉ. गोगाराम दानोदिया, डॉ. एफ.एच.गौरी, डॉ. सुशीला नेहरा, डॉ. शंकर सिंह गौड़, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. जे.पी. माहीच, डॉ. रेणू अग्रवाल, डॉ. शशिधर, डॉ. बजरंग शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र भड़िया, डॉ. आकांक्षा कस्वाँ, डॉ. सुमन भड़िया, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. प्रदीप कस्वां, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. विजेन्द्र गहनोलिया, डॉ. आशीष, प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन चूरू के अध्यक्ष डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. सीताराम गोदारा, डॉ. पवन गोयल, डॉ. ऋषभ चौधरी, डॉ. गरिमा चौधरी, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. वर्षा देवड़ा, डॉ. नवीन गौड़, डॉ. रामनिवास ढूकिया, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सुदर्शन आर्य, डॉ. अभिषेक आर्य, डॉ. मोनिका आर्य, डॉ. ऊषा कस्वां सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आईएमए सचिव डॉ. अरुण वर्मा ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने नवनियुक्त प्राचार्य व मेडिकल अधीक्षक, प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व नारायणा हॉस्पिटल के चिकित्सकों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राहुल कस्वाँ, कोषाध्यक्ष डॉ. साजिद चौहान ने नव आगंतुक सदस्य डॉ. राजेन्द्र रॉयल, डॉ. प्रशान्त, डॉ. मोहिता गौड़ व डॉ. हेमाश्री माहिच का प्रतिक-चिन्ह् प्रदान कर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पीजीआई मेडिकल कॉलेज रोहतक के फिजियोलॉजी प्रोफेसर, जो कि मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी विभाग में आए डॉ. सतपाल का भी स्वागत किया गया।

# गोपालपुरा में जिला कलक्टर ने किया ऑडिटोरियम का लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने निकटवर्ती गांव गोपालपुरा के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के परिसर में बने सुराणा ऑडिटोरियम का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र भामाशाहों की भूमि रहा है। इसलिए मैं चाहूंगा कि गांवो में खाली पड़ी सरकारी ईमारतों का चिन्हीकरण करने के बाद उनके जीर्णोद्धार के लिए भामाशाह आगे आएं, ताकि उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए ग्रामीण बच्चों को लाईब्रेरी और वाचनालय की सुविधाएं मिल सकें। जिला कलक्टर ने कहा कि गोपालपुरा पंचायत अच्छा काम कर रही है, जिसका लाभ यहां के ग्रामीणों को मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुराणा फाउण्डेशन कोलकाता के मुख्य ट्रस्टी व भामाशाह सुमेरमल सुराणा ने कहा कि जिस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्र की सरपंच ने स्कूल के विकास को लेकर किया हुआ वादा निभाया है वो सराहनीय है। उन्होंने कि मैं सरपंच की प्रेरणा से ही गांव तक पहुंचा और गोपालपुरा में आगे भी जनहित के कार्य करने के लिए हम लोग तैयार रहेंगे। सरपंच सविता राठी ने कहा कि स्कूल बिल्डिंग में 41 लाख रूपए सुराणा फाउण्डेशन की ओर से सरकार को दिए गए और ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए 11 लाख की राशि प्रदान की गई है, जिसके लिए ग्रामीण बच्चे और इनके अभिभावक आभार प्रकट करते हैं। सरपंच ने गोचर नपती करवाने, पानी सप्लाई पूरी दिलवाने, राजीविका के सारोठिया में भवन और बाई पास सड़क की मांग की जिला कलक्टर के समक्ष रखी। कार्यक्रम में मनभरी आंचलिया, दिव्यांश सुराना ने भी विचार प्रकट किए। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, गुलाब सुराणा, सीबीईओ सुनीता पूनिया व भामाशाह मंचस्थ रहे। इससे पहले जिला कलक्टर के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों की ओर आरपरम्परागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया।



### इन भामाशाहों का कलक्टर ने किया सम्मान

कार्यक्रम में चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने भामाशाह सुमेरमल सुराणा, भूमि प्रदान करने वाले भामाशाह देदाराम मेघवाल, हुकमाराम मेघवाल का सम्मान किया। अतिथियों ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर भामाशाहों का स्वागत किया। इसी प्रकार भामाशाह सुराणा परिवार के गुलाब सुराणा, मनभरी अंचलिया, दिव्यांश सुराणा, सुनील, श्वेता सुराणा का सरपंच सविता राठी ने सम्मान किया।

### इन्होंने किया अतिथियों का स्वागत

कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत उप सरपंच गणपत दास स्वामी, रूपाराम खीचड़, झूमर सारण, खुशालाराम मेघवाल, कैलाश, डाली बाई सुनीता सुपरवाईजर आदि ने किया। कार्यक्रम में एडवोकेट निरंजन सोनी, विकास अधिकारी रवि कुमार, तहसीलदार राजू देवी, पटवारी महिपाल, राजीविका के हरकेश प्रजापत, गुलेरिया सरपंच प्रतिनिधि करणीसिंह, सुजानगढ़ के खड़क सिंह बांठिया, पूर्व सभापति ब्रह्म प्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी भंवर सिंह शेखावत, राजेश सुंदरिया, प्रदीप टाक, मूलचंद तिवारी, बसंत पारीक, बीदासर के हरीश बांठिया, संचियालाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। संचालन कवि हरीराम ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं की ओर से राजस्थान दिवस को लेकर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई।

# समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर जोर दें: दहिया



## जाट महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक, जिला इकाई का गठन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान जाट महासभा की जिला इकाई का गठन व कार्यकारिणी की बैठक रविवार को वीर तेजा सामुदायिक भवन में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने स्वागत भाषण देते हुए महासभा की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राधाकृष्ण दहिया ने कहा कि जाट जाति का इतिहास शानदार रहा है। हमारे पूर्वजों ने सभी वर्गों को साथ लेकर विदेशी आक्रांताओं से लड़ाईयां लड़ी और अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाकर शिक्षा पर बल देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां ने कहा कि हमें अपने समाज के साथ-साथ सर्व समाज के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए आगे बढना चाहिए। जाट महासभा के बीकानेर संभाग अध्यक्ष हरफूल सिंह भांभू ने बताया कि समाज के सभी लोगों को एक जाजम पर बैठकर सामाजिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां ने कहा कि लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को असामाजिक तत्वों की ओर से खंडन करना बहुत ही निंदनीय है। जाट महासभा कार्यकारिणी इस कार्य के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करती है। जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कहा कि वर्तमान समय में भ्रमित युवा पीढ़ी को संस्कारित कर सामाजिक मूल्यों की रक्षा करने के कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक को तारानगर तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल, विजयसिह नेहरा, भंवरलाल कस्वां, दलीप सरावग, दौलतराम सहारण ने संबोधित किया। बैठक में परामर्शदात्री समिति के गिरधारीलाल सिहाग, रामावतार भाम्बू, मुखराम सहारण व युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत कडवासरा ने भी अपने सुझाव दिए। कार्यकारिणी के गठन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कालरी, उपाध्यक्ष राजेश तेतरवाल, उपाध्यक्ष गंगाराम कडवासरा, महासचिव रामलाल सहारण, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सहारण, सचिव सहीराम पूनीया, संयुक्त सचिव शिशपाल धीनवाल व चूरू तहसील अध्यक्ष रामनिवास भाम्बू, रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष शुभकरण नैण, सुजानगढ तहसील अध्यक्ष विकास दहिया, सरदार तहसील अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद सहारण, तारानगर तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल, राजगढ़ तहसील अध्यक्ष प्रमोद पूनिया सहित जिला कार्यकारिणी के कर्नल रामकुमार कस्वां, मुखराम सहारण, सत्यप्रकाश बेनिवाल, पेमाराम गेट, धर्मपाल कड़वासरा, सुखदेव न्यौल, भगवानाराम जाखड़, प्रेमप्रकाश गोदारा, सुरेन्द्र कस्वां, रामनिवास पिलाणियां, शिवदानसिंह कस्वां, यशपाल रणवां, सुनील ढ़ाका, सुरेश आर्य, ओम रणवां, धर्मेन्द्र भाम्बू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।